CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

नई दिल्ली, मंगलवार 26 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 48 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश पेज 2



फीफा विश्वकप से पहले मेसी के पैर में लगी चोट खेल टाइम्स



भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना: प्रगति का नया अध्याय सम्पादकीय



ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा: ट्रम्प पेज 12

# NEET: सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने -शेष पृष्ठ दो पर

**पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, एनटीए, CBI व पूर्व इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस जारी कर तलब किया**



## कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया 'कॉकरोच' टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वीएम पंचोली की पीठ ने जवाब देते हुए कहा कि इसे इतना भावुकता से न लें।

**सीजेआई बोले- मुद्दे को भावनात्मक तरीके से न लें**



# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस/सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

- **हेमा मालिनी ने रिसीव किया**
- **राष्ट्रपति मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित**

जब हेमा ने यह सम्मान रिसीव किया तो उनकी बेटी आहना की आंखों से आंसू छलक उठे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पीयूष पांडे को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी पत्नी नीता जोशी ने अवॉर्ड रिसीव किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दूल्हा हत्याकांड का आरोपी एक लाख का इनामी रवि यादव मुठभेड़ में ढेर

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चर्चित दूल्हा हत्याकांड में शामिल एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव रविवार की रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार केके सिंह भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सोमवार को बताया कि खेतासराय थाना क्षेत्र में एक मई की शाम बारात लेकर निकले दूल्हे आजाद बिद की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी।

### ट्विशा शर्मा मौत के मामले में मीडिया संयम बरते: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में मीडिया से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार या आरोपियों के परिवार के बयानों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित न किया जाए। शीर्ष अदालत ने ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में कथित संस्थागत पक्षपात और प्रक्रियागत त्रुटियों से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले पर सुनवाई की।

### अन्नाद्रमुक के तीन बागी विधायकों का इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने के खतरे का सामना कर रहे अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के तीन बागी विधायकों ने सोमवार को सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) में शामिल हो गए।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर लगी आग


## पेट्रोल में ₹2.61 व डीजल में ₹2.71 की बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं और दिल्ली में चार साल बाद पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार से गैर-ब्रांडेड यानी सामान्य पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। अब इसकी कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है। सामान्य डीजल भी अब 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इसकी कीमत में 2.71 रुपये का इजाफा किया गया है। दोनों जीवाश्म ईंधनों का यह 21 मई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। इस साल 15 मई से अब तक चार बार में दिल्ली में पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। इनके दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद गत 15 मई को पहली बार बढ़ाए गए थे। दिल्ली में इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत भी 2.61 रुपये बढ़कर 109.24 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सपी की कीमत 2.71 रुपये बढ़कर 100.52 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में पेट्रोल 2.87 रुपये और चेन्नई में 2.46 रुपये महंगा हुआ है। दोनों शहरों में इसकी नई कीमत क्रमश: 113.51 रुपये और 107.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल कोलकाता में 2.80 रुपये और चेन्नई में 2.57 रुपये बढ़कर क्रमश: 99.82 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में ठोस प्रगति के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के दाम में चार प्रतिशत से ज्यादा गिरावट देखी गई है। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया है। गत 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था।

- **पेट्रोल 102.12 व डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, 10 दिन में चौथी बार बढ़े दाम**



# सैनिटरी पैड व टॉयलेट न होने से लड़कियों की पढ़ाई न छूटे: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट न होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 30 जनवरी के फैसले को पूरी तरह लागू कराने को कहा। इस मामले की प्रगति की निगरानी हर तीन महीने में करेगा। केंद्र को हर तीन महीने पर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा कि इस फैसले का अच्छा उपयोग कीजिए।

- **केंद्र सरकार हर तीन महीने में रिपोर्ट दे, हम निगरानी करेंगे**

# नौतपा के पहले दिन महाराष्ट्र में पारा 47 पार

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार से नौतपा की शुरुआत भी हो गई है। इसका मतलब है कि अगले 9 दिन और ज्यादा गर्मी रहेगी। हीटवेव और तापमान भी बढ़ेगा।

तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना रह सकता है। रविवार को महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र का ब्रह्मपुरी लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा था। यहां तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में बांदा 46.8 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज और उरई में 45.6डिग्री , झांसी में 45.6डिग्री , आगरा में 45.4 डिग्री और हमीरपुर में 45.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

- **महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.2 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म**

### गंगा दशहरा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा दशहरा के पावन स्नान पर्व पर धर्मनगरी में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था और राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार हुआ था। इसी कारण इस दिन हर की पौड़ी स्थित ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। रविवार देर रात के बाद से ही हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।




# ईरान के साथ समझौता अब भी संभव: रुबियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है और इस दिशा में एक काफी मजबूत प्रस्ताव वार्ता मेज पर रखा गया है।

मार्को रुबियो ने भारत यात्रा के दौरान कहा कि प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को खोलने तथा परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण और समयबद्ध वार्ता में शामिल होने की बात शामिल है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम इसे सफल बना लेंगे। इसे खाड़ी देशों और वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिन भी देशों से हमने इस पर चर्चा की, उनका मानना है कि यह न केवल बेहद उचित बल्कि दुनिया के हित में भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प किसी भी कीमत पर जल्दबाजी में समझौता नहीं करेंगे।

## अनमोल प्रेम की जीवंत इमारत है ताजमहल: रुबियो



**आगरा।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को पत्नी जेनेट रुबियो के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार करने के बाद कहा कि यह इमारत अनमोल प्रेम की जीवंत तस्वीर है। विशिष्ट अमेरिकी मेहमान ने मुगलकाल के स्मारक की सुंदरता को एक टक निहारा और प्रशंसा करते हुए इसे दुनिया के सबसे अनमोल प्रेम के खजानों में से एक बताया। दंपति ने डायना बेंच पर बैठकर तस्वीरें खिंचवाई। ताजमहल को देखकर जेनेट ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत है। रुबियो ने स्मारक परिसर में लगभग एक घंटा बिताया और इसकी वास्तुकला, जटिल संगमरमर की नक्काशी और इसके ऐतिहासिक महत्व का बारीकी से अवलोकन किया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सिराज-उल-उलूम मदरसे पर एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को श्रीनगर और शोपियन जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें दारुल उलूम सिराज-उल-उलूम मदरसा भी शामिल है, जिसे पिछले महीने जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीमों ने शोपियन के इमाम साहिब इलाके में स्थित मदरसे में तड़के तलाशी अभियान चलाया। पिछले महीने, जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने दक्षिण कश्मीर के सबसे बड़े मदरसों में से एक, सिराज-उल-उलूम को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। प्रशासन ने आरोप लगाया था कि मदरसे का प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईएल) से 'गुप्त संबंध' हैं, साथ ही 'गंभीर कानूनी, प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताएं' हैं और यह 'कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला माहौल' बना रहा है।

### काशी में अवैध हुक्का बारों पर पुलिस का छापा, 18 हिरासत में

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सिगरा पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने रविवार रात को विशेष अभियान चलाते हुए अवैध हुक्का बारों पर छापा मारकर 18 लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही भारी मात्रा में नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में नशीली सामग्री, हुक्का फ्लेवर और हुक्का उपकरण बरामद किए गए। इस दौरान 18 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि दोनों हुक्का बारों के दो संचालक मौके से फरार हो गए।

# जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उप्र में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का 'कागजी कवच' बना रहे हैं।

यादव ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जन हित का पत्र' नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है।



उन्होंने साफ किया कि हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं। कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस 'अफसर' को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़ा करके नारा लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। उन्होंने कहा कि किसी के लिए ये बड़ा मौका है कि वो पूरी तरह से नाकाम हो चुके किसी 'दूत-मंत्री' को हटा दे। इससे मुख्य जी को अपना मंत्रिमंडल विस्तार करने और किसी एक 'घाटहीन' को समायोजित करने का मौका भी मिल जाएगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उप्र की भाजपा सरकार भी जानती है कि अब वो कभी वापस नहीं आएगी। इसीलिए वो जनता की मुश्किलों और मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करके बस अपने खजाने भरने में लगी है।

# ईंधन कीमतों को लेकर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

नई दिल्ली, वार्ता

## फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है



10 दिनों में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़े: खड़गे



राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई मैन का दिया तमगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं।

खड़गे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आम लोगों की बचत को जलाने के लिए पेट्रोल छिड़क दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन सरकार के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 175.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। इसके बावजूद पेट्रोल की कीमत 71.41 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 102.12 रुपये और डीजल 56.71 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जनता से पिछले 12 वर्षों में ईंधन के जरिए 43 लाख करोड़ रुपये की लूट की है, जो प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ रुपये के बराबर है। खड़गे ने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी जैसी सरकारी तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे साफ है कि भाजपा 'जनता नहीं, मुनाफे' की राजनीति कर रही है। गौरतलब है कि हालिया बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान पेट्रोल की कीमत 71 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बधाई हो मोदी जी, आपने पेट्रोल के दामों का शतक पूरा कर ही लिया।

### राज्य कर विभाग को कर संग्रह बढ़ाने के साथ ही मुख्यमंत्री की हिदायत

# ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा व सम्मान: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



कहा: विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य कर विभाग कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। उन्होंने जोनवार अधिकारियों से सीधा संवाद कर प्रत्येक अधिकारी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है। जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि प्रदेश में 8 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है।

प्रदेश में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है। रिटर्न दाखिले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। देय तिथि तक 90 प्रतिशत से अधिक करदाता रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

### गर्मी की छुट्टियों में नई रुचियां पहचानें, दादा-दादी के साथ बिताएं समय: योगी

**लखनऊ।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बच्चों के नाम एक पाती लिखी है। 'योगी की पाती' शीर्षक से जारी इस पत्र में उन्होंने छुट्टियों को आनंद, उत्साह और नए शोध का समय बताया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और अभिभावकों से छुट्टियों को संस्कार, प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने की अपील की है। योगी ने लिखा कि स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से राहत मिलने पर मन कुछ नया सीखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है। यही अवसर है, जब बच्चे अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें और जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों। उन्होंने किशोर और युवाओं से नई भाषा या नया कौशल सीखने को कहा।

# उत्तर प्रदेश में दिन में लू व गर्म रातें कर रही हैं बेचैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और उष्ण लहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान लू से भीषण लू चलने तथा गर्म रातें रहने की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार तेज धूप, उच्च तापमान और उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

विशेष रूप से दोपहर के समय लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज, बांदा, झांसी और कानपुर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जबकि लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर और मेरठ में भी पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने इसे 'उष्ण रात्रि' की स्थिति बताया है, जिसका असर बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों पर अधिक पड़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू के कारण हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76488.96
निफ्टी 24031.70

सोना 159000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी, निफ्टी का सेंसेक्स 1074 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को अच्छी तेजी रही और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,073.61 अंक (1.42 प्रतिशत) उछलकर 76,488.96 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉपक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 312.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत चढ़कर 24,031.70 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति के बाद निवेश धारणा मजबूत हुई है। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक



के शेयर ढाई प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इटरनल, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी दो से ढाई प्रतिशत तक चढ़े। एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और टेक महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस और टीसीएस में गिरावट रही।

### चांदी 5,100 बढ़कर 2.71 रुपये लाख किलो हुई, सोना 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 740 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 5,100 रुपए बढ़कर 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# गेहूं, चीनी नरम, चावल मजबूत दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। वहीं गेहूं और चीनी में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,872 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,787 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 50 रुपये और तुअर दाल की 18 रुपये बढ़ गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 36 रुपये और मूंग दाल की 35 रुपये प्रति क्विंटल घट गई।



चना दाल में कमोबेश टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 14 रिंगिट गिरकर 4,472 रिंगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल और वनस्पति की औसत कीमत 57.57 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरसों तेल 54 रुपये और पाम ऑयल 36 रुपये फिसल गया। सोया तेल 28 रुपये सस्ता हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7693.75 रुपये, मसूर काली 8125.61 रुपये, मूंग दाल 10161.62 रुपये, उड़द दाल 10847.35 रुपये, तुअर दाल 11261.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2787.40 रुपये और चावल 3871.87 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3260.04 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4334.73 रुपये और गुड़ 5043.28 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# तेल के दाम बढ़ने से लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए, जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपये बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपये बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं? केजरीवाल ने कहा कि मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए। जब हमारे देश के लोग मांग कर रहे हैं कि हमें ईरान और रूस से तेल और गैस खरीदना चाहिए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नीट: सुप्रीम कोर्ट...** के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला है। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है। नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

# जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी कांग्रेस : गौरव

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'भस्मासुर' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ऐसे समय में इस तरह का बयान दे रहे हैं, जब देश मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहां इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस वैश्विक चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने कहा कि एक 'टूलकिट मॉडल' जो विनाशकारी, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है तथा



इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर

गांधी के दिमाग की उपज है। यह एक बार फिर सामने आया है, जब गांधी ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने श्री गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आपका (श्री गांधी) मकसद अराजकता फैलाना है, तो हमारा संकल्प भारत को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है। आप आगे बढ़ें और अपनी पूरी ताकत लगा दें। हमने भारत को और भी आगे ले जाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सरकार (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार) स्थिर और मजबूत भी है प्रवक्ता ने दावा किया कि जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह गलत जानकारी फैला रही है कि भारत अमेरिकी दबाव के कारण रूस से कच्चा तेल आयात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि राजग के शासन में पिछले चार पांच वर्षों में रूस से 30 प्रतिशत तक कच्चे तेल का आयात किया गया है, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के शासन में यह आंकड़ा केवल एक प्रतिशत था।

### आंबेडकर प्रतिमा पर खाकी टोपी और भगवा गमछा पहनाने से बवाल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर शहर स्थित दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद सोमवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाने और गले में भगवा गमछा डालने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर तथा भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से खाकी टोपी और भगवा गमछा हटवाया तथा लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### सेना अस्पताल में कैंसर उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरुआत

**नई दिल्ली।** सेना के अस्पताल (आर एंड आर) में कैंसर के उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरूआत की गई है।

अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एक रिग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सीलरेटर का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत तकनीक आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में कैंसर देखभाल सेवाओं को मजबूत करेगी और सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। इससे अस्पताल में मरीजों की भारी संख्या के लिए आंतरिक उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## शराब पीने के दौरान हुई बहस में गला घोंटा ,एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने झारखंड के सनसनीखेज अपहरण और हत्या के मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मृतक के सगे भाई के साथ मिलकर शराब पीते समय एक छोटी सी बात पर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने शराब पीने के दौरान हुई बहस में गला घोंट दिया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि बोरियो थाना,जिला साहिबगंज, झारखंड में एक सनसनीखेज मामला दर्ज हुआ था जब चंपई मरांडी नामक एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। जांच के दौरान, हत्या के लगभग दस दिन बाद जंगल क्षेत्र से पीड़ित का शव बरामद किया गया। इसी बीच हेड कांस्टेबल गौरव को हनुमान मंदिर, यमुना बाजार के पास सुखदेव मुर्मू उर्फ ताला (30) नामक एक आरोपी की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय जानकारी मिली। मुखबिर ने बताया कि आरोपी ने कुछ लोगों के सामने साहिबगंज, झारखंड स्थित अपने पैतृक गांव में हुई हत्या में अपने साथियों के साथ अपनी संलिप्तता का खुलासा किया था और यह भी बताया था कि अपराध करने के बाद शव को जंगल क्षेत्र में छिपा दिया गया था।

अपराध शाखा द्वारा जुटाई गई जानकारी को गोपनीय रूप से साझा किया गया और बोरियो, थाना जिला साहिबगंज, झारखंड के एसएचओ (थाना प्रभारी) एसआई रोहित से सत्यापित किया गया। इसके बाद पुष्ट जानकारी पर एसीपी सतेंद्र मोहन की देखरेख में इंस्पेक्टर विनय कुमार के नेतृत्व में टीम ने हनुमान मंदिर, यमुना बाजार के अपना जाल बिछाकर आरोपी सुखदेव मुर्मू उर्फ ताला (30) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में उसने आगे बताया कि 12 मई को, उसने अपने सह-आरोपियों बाबूजी मरांडी, मंगल टुडू और मृतक चंपई मरांडी के साथ मिलकर शराब पी थी। शराब पीने के दौरान उनके बीच तीखी बहस हो गई, जिसके बाद सह-आरोपियों ने मृतक का गला घोंट दिया, जबकि आरोपी सुखदेव मुर्मू ने हत्या को अंजाम देने में उनकी सक्रिय रूप से मदद की। पुलिस ने बताया किआरोपी सुखदेव मुर्मू उर्फ ताला अपनी आजीविका के लिए खेतिहर मजदूर के रूप में काम करता है।

## ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्वी जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो लैपटॉप, दो टैबलेट और नौ मोबाइल और सट्टेबाजी से संबंधित हाथ से लिखे रिकॉर्ड और सामान जब्त किया है।

आरोपी द्वारा ऑनलाइन सट्टेबाजी के संचालन के लिए कथित तौर पर सट्टेबाजी एप्लिकेशन/सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा था। दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि चल रही -20 क्रिकेट लीग 2026 के दौरान अवैध आईपीएल सट्टेबाजी और जुआ गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी ऑपरेशन पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर आनंद सिंह,के नेतृत्व में टीम आईपीएल सट्टेबाजी सिंडिकेट चलाने में शामिल अवैध जुआरियों और संचालकों का पता लगाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही थी। इसी बीच 23 मई को एएसआई राजीव कुमार को गुप्त सूचना मिली किद मधु विहार से मनीष जैन (50 ) नाम का एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी का धंधा चला रहा है। इस गुप्त सूचना पर टीम ने मधु विहार में स्थित ठिकाने पर छापा मारा। इस दौरान ठिकाने की ऊपरी मंजिल पर पहुँचने पर, ड्राइंग रूम में तीन लोग लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन और हाथ से लिखे सट्टेबाजी के रिकॉर्ड के साथ बैठे मिले। टैबलेट डिवाइस पर आइपीएल मैच की लाइव स्ट्रीमिंग चल रही थी और आरोपी कथित तौर पर फोन कॉल के जरिए सट्टेबाजों के साथ सट्टेबाजी की गतिविधियों का तालमेल बिठा रहे थे।

## यमुना में अमोनिया बढ़ने से कई इलाकों में पेयजल संकट

**वजीराबाद से 25 प्रतिशत और चंद्रावल से 10 प्रतिशत तक पानी की आपूर्ति कम हो गई है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दो जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) वजीराबाद और चंद्रावल से कम पेयजल उपलब्ध होने के कारण राजधानी के कई क्षेत्रों में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से हरियाणा की तरफ से यमुना में कम पानी आने और नदी में अमोनिया की मात्रा बढ़ने से यह समस्या हो रही है। यमुना में पानी की कमी से वजी.राबाद बैराज के पास जलाशय का जल स्तर नीचे चला गया है। इस कारण दोनों डब्ल्यूटीपी अपनी क्षमता के अनुसार नहीं चल रहे हैं। वजीराबाद बैराज के जलाशय से वजीराबाद और चंद्रावल डब्ल्यूटीपी को कच्चा पानी मिलता है जिसे शोधित कर उत्तरी, उत्तर पश्चिमी और मध्य दिल्ली में पानी की आपूर्ति की जाती है। दोनों संयंत्र क्षमता के अनुरूप काम करे इसके लिए वजीराबाद बैराज का जलस्तर 674.5 फीट आवश्यक है।

इन दिनों जलाशय का जलस्तर 670 फीट से नीचे आ गया है। इस समय इसका जलस्तर 669.8 फीट के आसपास है। इससे वजीराबाद से 25 प्रतिशत और चंद्रावल से 10 प्रतिशत तक पानी की आपूर्ति कम हो गई है। सामान्य स्थिति में वजीराबाद से 134 और चंद्रावल 98 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) पानी मिलता है। जल बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार यदि जलस्तर इसी तरह घटता रहा तो आने वाले दिनों में पेयजल आपूर्ति की समस्या और बढ़ेगी। इसके समाधान के लिए हरियाणा सरकार से बात चल रही है।

हरियाणा सरकार हथनी कुंड बैराज में अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की गई है। जहांगीर पुरी,पटेल नगर, आजादपुर, वजी.रपुर, मॉडल टाउन, बुराड़ी, करोलबाग, पंजाबी बाग सहित कई अन्य स्थानों पर लोग पानी के लिए परेशान हैं। कई अन्य क्षेत्रों में पानी की किल्लत हो रही है।

## मेट्रो मंडेः सीएम रेखा गुप्ता ने फिर किया मेट्रो-बस का सफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लगातार दूसरे सोमवार 'मेट्रो मंडे' पहल के अंतर्गत अपने आवास से दिल्ली सचिवालय तक मेट्रो और डीटीसी बस के माध्यम से यात्रा की।

इस दौरान उन्होंने राजधानी के नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और यातायात प्रबंधन में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना तथा ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना है। मेट्रो और बस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रियों से संवाद भी किया और उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि बड़ी संख्या में दिल्लीवासी सार्वजनिक परिवहन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। इससे न केवल लोगों को सुरक्षित, किफायती और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलता है, बल्कि राजधानी में प्रदूषण और ट्रैफिक दबाव को कम करने में भी मदद मिलती है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'मेट्रो मंडे' पहल के अंतर्गत अपने आवास से दिल्ली सचिवालय तक मेट्रो के माध्यम से यात्रा करते हुए।**

## एक नजर

### 'बहुजन संकल्प' के साथ चंद्रशेखर आजाद ने थामा 'सत्ता परिवर्तन' का झंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद 4 जून को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से श्सत्ता परिवर्तन यात्राश शुरू करने जा रहे हैं। यह यात्रा अगले छह महीनों में प्रदेश के सभी जिलों से गुजरेगी। 4 जून 2024 को चंद्रशेखर आजाद ने नगीना विधानसभा सीट जीत करके इतिहास राजा था इसीलिए इस दिन को श्व्यवस्था परिवर्तन दिवसश का नाम दिया है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस यात्रा का मकसद 2027 के विधानसभा चुनाव में श्आजाद समाज पार्टीश को भाजपा का मजबूत विकल्प बनाना और चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रुप में पेश करना है।

यात्रा के दौरान चंद्रशेखर आजाद युवाओं, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों के मुद्दों को जोर-शोर से उठाएंगे। युवाओं के सबसे बड़े मुद्दे पेपर लीक पर चंद्रशेखर आजाद खास ध्यान देंगे। छम्म्ज समेत अन्य परीक्षाओं में हो रहे पेपर लीक को उन्होंने जघन्य अपराध बताते हुए मांग की है कि इसमें दोषियों को फांसी की सजा का प्रावधान किया जाए। उन्होंने ऐलान किया है कि इस संबंध में संसद में प्राइवेट मेंबर बिल भी पेश करेंगे।

### एआई-आधारित ग्राहक अनुभव में नए मानक स्थापित करेंगे




**नई दिल्ली।** टाटा संस की प्रीमियर सब्सिडियरी, टाटा रियल्टी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (टी.आर.आई.एल) ने अपने पोर्टफोलियो में ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए दुनिया के नंबर 1 ए.आई सी.आर.एम, सेल्सफोर्स के एजेंटफोर्स प्लेटफॉर्म को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है।

संजय दत्त, एमडी एवं सीईओ, टाटा रियल्टी एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने कहा, ''सेल्सफोर्स के साथ हमारी साझेदारी ने हमें डेटा, इंटैलिजेंस, और ऑटोमेशन को एक साथ एक सिंगल और तालमेलपूर्ण ईकोसिस्टम में लाने में समर्थ बनाया है। अरुंधति भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, साउथ एशिया, सेल्सफोर्स ने कहा, ''किसी भी टेक्नोलॉजी की शुरुआत के लिए एक बुनियादी सवाल यह खड़ा होता है कि क्या इससे ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलेगी। टाटा रियल्टी के मामले में जवाब स्पष्ट है।

### भारथक्लाउड ने किया बीडीआईए के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** भारथक्लाउड ने नई दिल्ली में भारत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर एसोसिएशन (बीडीआईए) द्वारा आयोजित उद्घाटन राष्ट्रीय मंच भारत डिजिटल संवाद में चर्चा में हिस्सा लिया। इस शिखर सम्मेलन में नीति-निर्माता, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर लीडर्स, नियामकों, उद्यमों और प्रौद्योगिकी हितधारकों एक साथ आए। इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए, भारथक्लाउड के सह-संस्थापक और बीडीआईए के संस्थापक सदस्य, राहुल तक्कलापल्ली ने कहा, 'भारत का डिजिटल विकास तब और मजबूत होगा जब भारतीय तकनीकी कंपनियां एक ही इकोसिस्टम के भीतर मिलकर काम करेंगी और एक साथ आगे बढ़ेंगी। बीडीआईए के माध्यम से लगभग 40 संगठनों को डिजिटल संप्रभुता, विश्वसनीय बुनियादी ढांचे और दीर्घकालिक तकनीकी लचीलेपन पर एक साझा दृष्टिकोण के साथ एक साथ आते देखना बेहद उत्साहजनक है।

## नमो इम्पैक्ट राष्ट्र शिल्पी सम्मान से कई समाजसेवी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के कई बड़े समाजसेवियों को नमो इम्पैक्ट के राष्ट्र शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया है।

नई दिल्ली के तीन मूर्ति स्थित प्रधानमंत्री सभागार में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर और राज्यसभा सांसद एवं बीजेपी के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने अपने कर कमलों से प्रदान किए। सम्मान पाने वाले समाजसेवियों में स्वयंसेवक बाबू जीतराम गुप्ता, बीकानेरवाला



फूड्स के प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर अग्रवाल, सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, सनसिटी प्रोजेक्ट्स के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, लोहिया ग्लोबल के चेयरमैन विनीत कुमार गुप्ता लोहिया, बवाना इंफ्रा के प्रबंध निदेशक मनोजये अग्रवाल, ओम सप्लाई चेन के चेयरमैन अजय सिंघल, मिनटाज स्टील्स के निदेशक राजीव बंसल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता और और अधिवक्ता बाबूजी जीतराम गुप्ता को 12 नवंबर 1996 को चरखी दादरी में हुई भीषण हवाई दुर्घटना के समय निस्वार्थ भाव से की गई सेवा के लिए राष्ट्र शिल्पी सम्मान के लिए चुना गया।

सम्मान पाने के पश्चात श्री जीतराम गुप्ता ने इसे चरखी दादरी के सेवाभावी लोगों को समर्पित करते हुए कहा कि वह समाज सेवा का कार्य सब के सहयोग से ही कर पाए थे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जिनमें चरखी दादरी से आए सैकड़ों स्वयंसेवकों के अलावा कई संत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, सांसद, उद्योगपति, विदेश सेवा और प्रशासनिक के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## मेहनताना न देने पर नाबालिग ने चाकू से वार, दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धर्मपुरा इलाके में एक फैक्ट्री मालिक को एक नाबा.लिग को 800 रुपये मेहनताना न देने पर नाबालिग ने अपने एक साथी के साथ मिलकर फैक्ट्री मालिक पर चाकू से वार कर दिए। उसे लहूलुहान करके आरोपित फरार हो गए। 35 वर्षीय घायल को पुलिस ने जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया। गांधी नगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी से गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस उपायुक्त आरपी मीणा ने बताया कि 21 मई को पुलिस को सूचना मिली थी धर्मपुरा क्षेत्र में दिन में 12:30 एक फैक्ट्री मालिक पर 800 रुपये के विवाद में चाकू से वार किए गए हैं। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

फैक्ट्री मालिक ने बताया कि उसपर दो नाबालिगों ने चाकू से वार किए हैं। एक नाबालिग से उसने फैक्ट्री में एक दिन काम करवाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के जरिये दोनों को हर की पौड़ी से दबोच लिया।



**मनजिंदर सिंह सिरसा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ओखला में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का निरीक्षण करते हुए।**

## गंगा दशहरा पर बांटा मीठा शरबत, बुझाई प्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मीडिया फोटो जर्नलिस्ट ट्रस्ट और तेलुगु मीडिया परिवार के संयुक्त तत्वावधान में जसवंत सिंह रोड, आंध्र भवन के पास मीठे शरबत का वितरण किया गया।

तपती गर्मी में आयोजित इस 'जल सेवा' को लोगों का भारी समर्थन मिला और हजारों राहगीरों ने शरबत ग्रहण किया। मीडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष नवल हंस ने बताया, ष्हम हर साल निर्जला एकादशी पर जल वितरण करते हैं, लेकिन इस बार गंगा दशहरा पर भी



सेवा करने का संकल्प लिया। हिंद.ओं का यह प्रमुख पर्व है और इस दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व है। सेवा की जानकारी मिलने पर दूर-दूर से लोग पहुंचे। कल्याणपुरी से आए एक ऑटो चालक ने कहा, षकिसी ने बताया कि जसवंत रोड पर मीठा जल बंट रहा है तो हम तुरंत यहां आ गए। इतनी गर्मी में ठंडा-मीठा शरबत मिलना बहुत बड़ी राहत है। अपने साथी भाइयों के लिए भी बोतलें ले जा रहा हूं। आसपास पानी मिलना मुश्किल है, ऐसे में ये सेवा वाकई सराहनीय है।

## छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल ओलंपियाड में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में नई दिल्ली के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की है।

केंद्रीय विद्यालय (द्वितीय पाली) के कक्षा 9 के छात्र ईशान देबता ने नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) में तथा लिटिल फ्लावर्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा बानी गुप्ता ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड (आईसीओ) में इंटरनेशनल रैंक 1 प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। दोनों छात्रों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र और सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन प्रदान किया गया।




इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में नई दिल्ली के 2 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इन छात्रों की सफलता ने न केवल उनके विद्यालयों को गौरवान्वित किया है, बल्कि शहर के अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। इस उपलब्धि पर साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) के संस्थापक एवं निदेशक महाबीर सिंह ने कहा, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के एसओएफ ओलंपियाड लगातार छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने और अपनी सोचने-समझने की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## पर्यावरण मंत्री ने ओखला में सीईटीपी का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और दिल्ली को एक स्वच्छ, हरा-भरा और जल-संरक्षित राजधानी में बदलने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए ,पर्यावरण, वन और वन्यजीव मंत्री, मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ओखला में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का निरीक्षण किया, और यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की व्यापक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, मंत्री ने सीईटीपी के कामकाज की समीक्षा की, जिसमें बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) के स्तर, उपचार प्रवाह क्षमताएं, और सुविधाओं की संपूर्ण परिचालन की मुख्य विशेषताएं शामिल थी।

## दिल्ली में होगी अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन



**नई दिल्ली।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर जनजागरण अभियान के तहत आगामी 7 जून को राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है।

कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। धर्म संसद की अगुवाई प्रसिद्ध संत फरसे वाले बाबा तीर्थ प्रकाश जी करेंगे। आयोजकों के अनुसार धर्म संसद में देशभर के संत-महात्मा, धर्माचार्य और विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी फरसे वाले बाबा तीर्थ प्रकाश द्वारा संभाली जा रही है, जबकि कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी रूप सिंह नागर और सोनिया ठाकुर को सौंपी गई है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

**शाह टाइम्स**


स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## जिलाधिकारी ने आरटीई दाखिला योजना की समीक्षा की

# पात्र बच्चों को प्रवेश न देने वाले स्कूलों को दी कड़ी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आरटीई दाखिला योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराने हेतु ऐसे स्कूलों की बैठक आयोजित की गई, जिन्होंने अब तक बच्चों का दाखिला नहीं लिया है। बैठक में जनपद के 28 विद्यालयों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें डीपीएसजी मेरठ रोड, सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, केआर मंगलम स्कूल, डीपीएस पब्लिक स्कूल सिद्धार्थ विहार, दशमेश पब्लिक स्कूल, डीपीएस पब्लिक स्कूल इंदिरापु. रम, ऐलन हाउस स्कूल, सहज इंटरनेशनल स्कूल, गौतम पब्लिक स्कूल, रोज वैली पब्लिक स्कूल, टीआरएम पब्लिक स्कूल भोजपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्कूल, ईस्ट दिल्ली स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल आदि उपस्थित हुए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ द्वारा प्रत्येक विद्यालय की क्रमवार समीक्षा की गई तथा सभी पात्र बच्चों का प्रवेश एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महोदय ने आरटीई योजना के अंतर्गत दाखिला न लेने वाले विद्यालयों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई विद्यालय पात्र बच्चों को प्रवेश देने में लापरवाही बरतता है, तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित सीपी आर्य स्वर्णजयंतीपुरम विद्यालय द्वारा विभागीय निर्देशों की लगातार अवहेलना किए जाने पर जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को अगले दिन प्रातः अपने कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर आरटीई के अंतर्गत सभी पात्र बच्चों के दाखिले सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव सहित खंड शिक्षा अधिकारी ममता भारती, अभिषेक यादव, जमुना प्रसाद, कविता चौहान एवं महिमा उपस्थित रहीं। बैठक में कुछ अभिभावक भी शामिल हुए, जिनकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी महोदय ने सभी विद्यालयों को शासन की नीतियों एवं निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा डिफॉल्टर विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई प्रारंभ करने की चेतावनी दी।



## हत्या के प्रयास के आरोपी को मोदीनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** चार दिन पूर्व एक व्यक्ति द्वारा उसके पुत्र पर जानलेवा हमला करने व बाइक को तोड़ने की मोदीनगर थाने में दर्ज कराये मुकदमे में नामजद आरा. पी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है! पुलिस ने बताया कि 21 मई को ग्राम कादराबाद निवासी नरेशपाल ने मोदीनगर थाने में शिकायत दी थी कि उनके पुत्र अभिषेक पर पडोस के ही आकाश मोगा ने जानलेवा हमला किया है व उनकी बाइक में भी तोड़फोड़ की है पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया था, सोमवार को आरोपी आकाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हमले में प्रयुक्त बलकटी बरामद कर ली है आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते अभिषेक पर हमला करने व उसकी बाइक तोड़ने का आरोप स्वीकार कर लिया है!



## अवैध निर्माण से फ्लैटवासी परेशान, नगर निगम से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गोविंद विहार कॉलोनी, हरसांव सदरपुर रोड स्थित भवन-परिवार अपार्टमेंट में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर निवासियों में भारी रोष है। इस संबंध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ0प्र0 के अध्यक्ष सचिन त्यागी के नेतृत्व में कॉलोनी के 20 फ्लैट मालिकों ने नोडल अधिकारी, नगर निगम गाजियाबाद को पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में आरोप लगाया गया है कि भूखंड संख्या डी-12, 13 व 14 पर बने अपार्टमेंट के भूतल पर स्थित दुकानों के मालिकों द्वारा अनुचित व अवैधानिक तरीके से निर्माण किया जा रहा है। पहले टिन-फाइबर के शेड डाले गए, अब दक्षिण दिशा की दुकान के बाहर पक्का निर्माण कर दुकान का शटर ही भवन की परिधि से बाहर कर दिया गया है। निवासियों का कहना है कि इस

अवैध निर्माण से पूरे भवन को गंभीर क्षति पहुंचने की आशंका है। लगभग 20 परिवार इस भवन में रहते हैं और उनकी सुरक्षा खतरे में है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने नगर निगम से अवैध निर्माण को तुरंत रुकवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पत्र की प्रतिलिपि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, स्थानीय पार्षद अमित डबास व पुलिस चौकी गोविंदपुरम को भी भेजी गई है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## साधु-साध्वियों की सुरक्षा को सौंपा ज्ञापन

**धामपुर।** महिला जैन मिलन 'अरिहन्त' शाखा ने रीवा, मध्य प्रदेश में जैन साध्वियों के पद विहार के दौरान हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि तेज रफ्तार कार की टक्कर से जैन आर्यिका श्री श्रुतमती माताजी एवं श्री उपश. ममती माताजी का आकस्मिक निधन हो गया। जिससे जैन समाज में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। महिला जैन मिलन की अध्यक्ष भावना जैन एवं मंत्री सीमा जैन ने मांग की कि देशभर में पद विहार कर रहे जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किया जाए।

## शक्ति केंद्र में बैठक का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शक्ति केंद्र में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पार्षद जय किशन पाल के निवास स्थान पर संपन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी महेंद्र यादव शक्ति केंद्र प्रवासी वीरेंद्र कुमार कंडेरे सेक्टर संयोजक दिग्विजय नाथ पांडे शहर मंडल महामंत्री रोहित चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पंडित एवं बूथ अध्यक्ष विद्यासागर पांडे मयंक सिंह पवन यादव राजू वाल्मीकि संतोष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## संगठन ही सर्वोपरि है के तहत बैठक का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** संगठन ही सर्वोपरि है के तहत शक्ति केंद्र कौशांबी की बैठक में पूर्व महानगर उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बूथ अध्यक्षों को उनके कार्य के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मंडल के उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी मंडल मंत्री कामिनी भदोरिया मंडल मंत्री योगेश त्यागी सेक्टर संयोजक रेनू मल्होत्रा सेक्टर संयोजक पूजा मेहरा एवं बूथ अध्यक्ष एसके गोयल अनीता खंडेलवाल किरण दुआ मिठठन लाल एस आर सिंह विक्रम सिंह राजेंद्र गोयल ऋतु जैन प्रीति वर्मा चेतन मेहरा उमा मेहरा ज्योति मेहरा उपस्थित रहे।

## तालाब मरम्मत कार्य में अनियमितता का आरोप

**हल्दौर।** मौहल्ला अल्लाहवाला स्थित तालाब की चाहरदीवारी और मरम्मत कार्य को लेकर आज रालोद कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी और मानकों के विपरीत कार्य कराने का आरोप लगाया। मौहल्ला अल्लाहवाला की वार्ड संख्या चार में खसरा नंबर 1117 पर लगभग तीन बीघा क्षेत्रफल में तालाब स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ माह पूर्व नगर पालिका द्वारा तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया था। आरोप है कि कार्य के दौरान खसरा नंबर 142 स्थित मार्ग की खुदाई कर दी गई।

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ितों ने एसीपी को दी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गत सप्ताह मोदीनगर की कृष्णा नगर कॉलोनी में एक परिवार के लोगो द्वारा दम्पति के साथ की गयी मारपीट के मामले में एक महिला सहित 4 लोगो के खिलाफ की गयी शिकायत पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा केवल एक व्यक्ति पर ही कार्यवाही करने के कारण तीन अन्य पर कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर पीड़ित दम्पति ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एसीपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा!

व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप बोस ने बताया कि पीड़ित संजय शर्मा व्यापारी है उनके व उनकी पत्नी के साथ एक ही परिवार के 4 लोगो ने मारपीट की थी जिसकी वीडियो भी इन लोगो ने पुलिस को दे दी थी लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस ने केवल एक ही आरोपी को जेल भेजा है।

जबकि अन्य तीन के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की है, उन्होंने एसीपी से मिलकर अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है!

एसीपी भास्कर वर्मा ने सारी बात सुनकर उचित कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया! इस अवसर पर हिमांशु सिंघल, नीरज गर्ग, उपज गर्ग, सुबोध जैन, राजेश चौधरी, पंकज कंसल आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।



## आरटीई दाखिला योजना की समीक्षा में पात्र बच्चों को प्रवेश न देने वाले स्कूलों को डीएम की कड़ी चेतावनी

**गाजियाबाद।** डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आरटीई दाखिला योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराने के लिए ऐसे स्कूलों की बैठक आयोजित की गई, जिन्होंने अब तक बच्चों का दाखिला नहीं लिया है। बैठक में जनपद के 28 विद्यालयों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें डीपीएसजी मेरठ रोड, सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, केआर मंगलम स्कूल, डीपीएस पब्लिक स्कूल सिद्धार्थ विहार, दशमेश पब्लिक स्कूल, डीपीएस पब्लिक स्कूल इंदिरापु. रम, ऐलन हाउस स्कूल, सहज इंटरनेशनल स्कूल, गौतम पब्लिक स्कूल, रोज वैली पब्लिक स्कूल, टीआरएम पब्लिक स्कूल भोजपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्कूल, ईस्ट दिल्ली स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल आदि उपस्थित हुए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी डीएम ने एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री कुमार सौरभ द्वारा प्रत्येक विद्यालय की क्रमवार समीक्षा की गई तथा सभी पात्र बच्चों का प्रवेश एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आरटीई योजना के अंतर्गत दाखिला न लेने वाले विद्यालयों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई विद्यालय पात्र बच्चों को प्रवेश देने में लापरवाही बरतता है, तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित सीपी आर्य स्वर्णजयंतीपुरम विद्यालय द्वारा विभागीय निर्देशों की लगातार अवहेलना किए जाने पर जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को अगले दिन प्रातः अपने कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर आरटीई के अंतर्गत सभी पात्र बच्चों के दाखिले सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

## वीवीआईपी एड्रेस सोसाइटी में सतीश जैन ने की वरिष्ठ नागरिकों की मेजबानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाज को वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) के अनुभव से सीखने और उनकी सेवा करने का अवसर मिलना बेहद सौभाग्य की बात है यह हमारा सौभाग्य है कि हमें यह अवसर प्राप्त हो रहा है, यह बात गाजियाबाद की वीवीआईपी एड्रेस के सीनियर सिटीजंस की विशेष बैठक का आयोजन व मेजबानी करते हुए देश विदेश में प्रसिद्ध जैन शिकंजीश के मालिक सतीश जैन ने कही। रविवार का दिन वीवीआईपी एड्रेस सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजंस) के लिए बेहद खास और यादगार रहा। सोसाइटी के बुजुर्गों के सम्मान और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का वेन्यू (स्थान) मशहूर श्जैन शिकंजीश का आउटलेट बना, जहाँ समाज की कई जानी-मानी और प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की!

इस बैठक को बेहद खास और भव्य बनाने का पूरा श्रेय श्जैन शिकंजीश के मालिक, श्री सतीश जैन जी को जाता है। उन्होंने वीवीआईपी एड्रेस सोसाइटी के सभी वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत बेहद आदर-सत्कार और गर्मजोशी के साथ किया। सतीश जी ने न केवल कार्यक्रम के लिए बेहत. रीन व्यवस्थाएं कीं, बल्कि खुद मौजूद रहकर हर एक बुजुर्ग की सुविधा का पूरा ध्यान रखा। उनकी इस सहृदयता ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। इस विशेष बैठक की मुख्य विशेषता यह रही कि इसमें समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में अपना परचम लहराने वाले कई मार्गदर्शकों और प्रबुद्ध जनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी जेपी कश्यप, प्रख्यात योगाचार्य एसपी त्यागी और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट पीपी त्यागी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से चार चांद लगाए। इनके साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन मदन त्यागी, रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय गुप्ता और फार्मास्यूटिकल डिस्ट्रीब्यूटर श्री आमोद मित्तल जी जैसे प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी भी इस चर्चा का हिस्सा बने और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के विकास, सीनियर सिटीजंस की सुख-सुविधाओं और आगामी सामाजिक कार्यों पर गंभीर चर्चा हुई। मीटिंग के समापन पर वीवीआईपी एड्रेस के सीनियर सिटीजंस ग्रुप के प्रतिनिधियों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने सतीश जैन जी को इस शानदार आयोजन और सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। सदस्यों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से न केवल आपसी जुड़ाव मजबूत होता है, बल्कि समाज को एक नई दिशा भी मिलती है। यह बैठक केवल एक औपचारिक मीटिंग न रहकर, आदर, स्वाद और अपनों के साथ का एक बेहतरीन उत्सव बन गई।



बुजुर्ग और प्रबुद्ध जन हमारे समाज की नींव हैं- सतीश जैन

## निगम चलाएगा विशेष धूल मुक्त अभियान नगरायुक्त ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मोहन नगर तिराहे से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सड़क के किनारे जमी हुई धूल, सेंट्रल वर्ज ग्रीन बेल्ट की हालत, नगर निगम,जल निगम और पीडब्ल्यूडी की लाप. रवाही को देख कर अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने 10 दिन के भीतर महा अभियान चलाते हुए दिल्ली से गाजियाबाद आने वाले प्रमुख मार्ग को पूर्ण रूप से धूल मुक्त करने की सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों के चल रहे कार्यों में जन सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए कड़े निर्देश निर्माण विभाग तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए। मौके पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से उपकरणों के माध्यम से सड़क पर टीम लगाते हुए धूल मुक्त अभियान चलाने को कहा। उन्होंने पीडब्ल्यूडी की सड़क को गड्ढा मुक्त करने सड़क सुधार के लिए निर्देशित किया गया मौके पर उपस्थित निर्माण विभाग से मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से समन्वय रखते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा। नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग टीम को कड़े शब्दों में लापरवाही बरतने पर फटकार लगाई गई और प्रमुख मार्ग पर तत्काल प्रभाव से महा सफाई अभियान चलाने के लिए कहा गया।

## डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के संस्थानों ने किया एकोलेड 2026 का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित संस्थानों ख्र डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सेंटर फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (सीएमडी), डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (केएनएमआईपीईआर) एवं अन्य संस्थानों द्वारा "अकोलेड 2026" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों, उत्कृष्ट प्लेसमेंट एवं उनके उज्ज्वल भविष्य का उत्सव मनाना रहा।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। प्रमुख कंपनियों में पीडब्ल्यूसी में 24 लाख रुपये वार्षिक पैकेज, आईसीआईसीआई बैंक में 9 लाख रुपये वार्षिक पैकेज, यूनाइटेड एकता ग्रुप तथा ओडीलैब्स कंसल्टेंसी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में विद्यार्थियों के सफल प्लेसमेंट रहे। कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. डी. के. मोदी जी, चेयरमैन, डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन, यू. एन. मिश्रा जी, रजिस्ट्रार, डॉ. दीपांकर शर्मा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, संस्थानों के निदेशकगण, डॉ. शिशिर रस्तोगी, डॉ. रविन्द्र आर्या, डॉ. विजय शर्मा, अजय प्रजापति (प्लेसमेंट हेड) सहित सभी संस्थानों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. डी. के. मोदी जी ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य हैं तथा उनकी उपलब्धियाँ संस्थान के लिए गर्व का विषय हैं। डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, प्रबंधन एवं तकनीकी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। "अकोलेड 2026" विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, गौरवपूर्ण एवं यादगार आयोजन सिद्ध हुआ।



# सहारा बने 'मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लोगों को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। राजधानी के सभी 13 जिलों में 'मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स' और 'कूलिंग जोन' के माध्यम से आम नागरिकों, श्रमिकों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल प्रशासन चलाना नहीं, बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है। भीषण गर्मी के इस दौर में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ जमीन पर काम कर रही है ताकि कोई भी व्यक्ति गर्मी के कारण परेशान न हो।

मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स और कूलिंग जोन जैसी पहलें सरकार की जनसेवा और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। दिल्ली सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत के अनुसार राहत व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि यह सारी व्यवस्था राजस्व विभाग की देखरेख में संचालित की जा रही है।

मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स के माध्यम से 6 मई से 23 मई 2026 के बीच दिल्ली के सभी 13 जिलों में लगभग 2 लाख 65 हजार लोगों तक राहत पहुंचाई गई। इस दौरान लोगों को गर्मी और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए लगभग 1 लाख 13 हजार 900 लीटर ठंडा पीने का पानी वितरित किया गया। इसके अलावा एक लाख से अधिक ओआरएस पैकेट बांटे गए ताकि लोगों को लू और शरीर में पानी की कमी से बचाया जा सके। लोगों को तेज धूप से बचाने के लिए 44 हजार 646 गमछे और 30 हजार 864 कैप भी वितरित किए गए।

इस अभियान के तहत उत्तर-पूर्व, पूर्वी, दक्षिण-पश्चिम और नई दिल्ली जिलों में बड़ी संख्या में लोगों तक सहायता पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री के अनुसार यह भी सुनिश्चित किया गया है कि मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स के वाहनों की लोकेशन प्रतिदिन बदली जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा भीड़ वाले क्षेत्रों और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंच सके। यह अभियान जुलाई महीने तक जारी रहेगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राजधानी के विभिन्न जिलों में विशेष 'कूलिंग जोन' भी स्थापित किए हैं, जहां लोगों को कुछ समय आराम करने और गर्मी से राहत पाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

विशेष रूप से आम नागरिकों, रिक्शा चालक, श्रमिकों और खुले में काम करने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए इन कूलिंग जोन को तैयार किया गया है। प्रत्येक कूलिंग जोन में 100 कुर्सियों की बैठने की व्यवस्था, ठंडा पेयजल, 5 डेजर्ट कूलर और 5 फर्राटा पंखे लगाए गए हैं ताकि लोगों को आरामदायक वातावरण मिल सके। इसके अतिरिक्त वहां ओआरएस पैकेट, कैप, गमछे और प्राथमिक उपचार किट की भी व्यवस्था की गई है। इन कूलिंग जोन के संचालन और सहायता के लिए प्रत्येक स्थान पर 10 सिविल डिफेंस वालंटियर्स तैनात किए गए हैं।

वर्तमान में पुरानी दिल्ली जिले में 5, उत्तर-पूर्व जिले में एक, उत्तरी जिले में एक, पूर्वी जिले में 5, सेंट्रल नॉर्थ जिले में 1 और सेंट्रल जिले में एक कूलिंग जोन (कुल 14) स्थापित किए जा चुके हैं। शेष जिलों में भी इस सप्ताह के भीतर इसी प्रकार की सुविधाएं शुरू की जा रही हैं।

## बिल को लेकर विवाद में की थी फायरिंग, नाबालिग समेत दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीते वीरवार की रात को विवेक विहार स्थित जिंजर होटल में बिल को लेकर हुए विवाद में चली गोली के मामले में स्पेशल सेल ने अजय उर्फ अज्जू और उसके नाबालिग साथी को पकड़ा है। जिनके कब्जे से दो पिस्टल और चार कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों से हथियारों का सॉर्स पता करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी कैलाश बिष्ट की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील तेवतिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने गाजीपुर पुलिस स्टेशन के पीछे, लिंक रोड, गाजीपुर पेपर मार्केट के पास से से अजय और उसके नाबा. लिग साथी को पकड़ा। पूछताछ करने पर पता चला कि वीरवार की रात को उसके दोस्त एक पार्टी के लिए 'जिंजर क्लब' गए थे। पार्टी के बाद, उसके दोस्तों और क्लब मैनेजमेंट के बीच बिलिंग को लेकर विवाद हो गया, जिसके चलते देर रात दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। इस अपमान का बदला लेने की ठानकर, उन्होंने क्लब मैनेजमेंट पर हमला करने की साजिश रची। साल 2025 में, आरोपी अजय उर्फ अज्जू पहली बार 'हत्या के प्रयास' के एक आपराधिक मामले में शामिल हुआ। वह लगभग दो महीने तक जेल में रहा। वह अपराधियों के संपर्क में आया और उनके साथ उसकी दोस्ती हो गई। उसके एक दोस्त ने उसे बदला लेने के लिए 'जिंजर होटल' के बाहर फायरिंग करने के लिए उकसाया और उसे जल्द जमानत दिलाने का वादा किया।

## जंतर-मंतर मामले में अलका लांबा दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कांग्रेस नेता अलका लांबा को 2024 में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों से कथित मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में दोषी करार दिया। अदालत ने सजा परवहस के लिए 5 जून की तारीख तय की है। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। हालांकि अगर कोर्ट ने दो साल तक की सजा सुनाई तो वो छह साल तक चुनाव के लिए अयोग्य हो सकती हैं। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार की अदालत ने यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 29 जुलाई 2024 को महिलाओं के आरक्षण के समर्थन में जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान अलका लांबा ने पुलिस कार्रवाई में बाधा पहुंचाई और सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध किया था।

## हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आयुष क्षेत्र में कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत आने वाले हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मकसद एचएसए ससी-सब-काउंसिल ऑन आयुष की देखरेख में आयुर्वेद और इससे जुड़ी पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों में व्यावसायिक प्रशिक्षण, प्रमाणन और कार्यबल विकास को बढ़ावा देना है। यह समझौता दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

इस सहयोग का उद्देश्य आयुष के प्रमुख क्षेत्रों-जैसे आयुर्वेद आहार एवं पोषण, क्षारकर्म, आयुर्वेद डाइट, योग वेलनेस ट्रेनर, आयुर्वेद मसाज थेरेपिस्ट, पंचकर्म असिस्टेंट और पंचकर्म तकनी. शियन आदि में 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क' के अनुरूप विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है।



हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल व चौ. ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## चरित्र निर्माण-आत्मरक्षण शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्य वीर दल के प्रांतीय संचालक जगवीर आर्य के निर्देशन में 22 मई को हंसराज मॉडल स्कूल पंजाबी बाग में 9 दिवसीय शिविर शुरू हुआ जिसका भव्य उद्घाटन समाज सेवी ठाकुर विक्रम सिंह ने किया। शिविर अध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य वीर दल के सेनापति आचार्य नंद किशोर ने आर्य वीरों को आत्म विकास के साथ देश सेवा का संकल्प कराया।

आर्य नेता सुरेंद्र रैली, जोगेंद्र खट्टर, सत्यानंद आर्य, विवेक, रविदेव, राकेश आर्य ने शिविरार्थियों को प्रेरक विचार दिए। महामंत्री बृहस्पति आर्य, सुंदर आर्य, उपसंचालक वीरेश आर्य, पवन आर्य, रोहताश आर्य, वाचस्पति शास्त्री, संजय आर्य, यश आर्य, संदीप आर्य ने राष्ट्र सर्वोपरि का भाव रखते हुए प्रत्येक युवा को अपनी भूमिका निभाने का आवाहन किया। शिविर में लक्ष्य आर्य, दिनेश आर्य, धर्मवीर आर्य, आशीष आर्य ने आत्मरक्षण, कराटे व सैनिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया।



## प्रूफ ऑफ रिजर्व रिपोर्ट जारी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 2.5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग और इन्वेस्टिंग प्लेटफॉर्म, कॉइनस्विच ने अपनी छठी श्प्रूफ ऑफ रिजर्व रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट पारदर्शिता, मजबूत कैश बैकअप और ग्राहकों के पैसों की सुरक्षा के प्रति कंपनी के भरोसे को और मजबूत करती है।

कॉइनस्विच के को-फाउंडर (सह-संस्थापक) आशीष सिंघल ने कहा, श्क्रिप्टो में भरोसा सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि लगातार पारदर्शिता (ईमानदारी) दिखाने और जोखिमों को सही तरीके से संभालने से बनता है।

## पूर्वांचल राष्ट्रीय कांग्रेस ने दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर विजय कुमार पांडे को नियुक्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल राष्ट्रीय कांग्रेस ने दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर विजय कुमार पांडे को नियुक्त किया है पांडे जी पिछले 2 साल से पार्टी के लिए कार्य कर रहे थे उनके कार्यों को और उनके जुझारूपन को देखते हुए आज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने विजय कुमार पांडे को दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष के पद की शपथ दिलाई दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार पांडे जी ने पद और गोपनीयता की शपथ लेते हुए पार्टी के संविधान के हिसाब से जनसंपर्क अभियान, जनता की भलाई और जनता के सभी कार्य करवाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर डॉक्टर अनूप कुमार सचदेवा, एडवोकेट अक्षय कौशिक, एडवोकेट कार्तिकेय कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव नीरज स्वामी जो की कबीरपंथी आश्रम विजय विहार के महंत भी है के अलावा पार्टी के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महिला मोर्चे की ओर से गीता देवी, ज्योति सिंह, शिवाली कौशिक, गीतांज. लि, युवा नेता विराट भी मौजूद थे सभी ने अपने-अपने विचार रखें और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए तन मन धन से जन सेवा अभियान चलाने के ऊपर जोर दिया आने वाले दिल्ली नगर निगम के चुनावों की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।



## निश्चय निशा जैन फाउंडेशन की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानसरोवर पार्क शाहदरा क्षेत्र में जानी मानी सामा. जिक संस्था निश्चय निशा जैन फाउंडेशन द्वारा अपनी सफलता की 10वीं वर्षगांठ बड़े धूम धाम से मनाई गई, जिसमें सामाजिक, राजनैतिक एवं मीडिया के क्षेत्र के बड़ी बड़ी हस्तियों ने शिरकत की . कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव निशाना, भारत केसरी एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के उच्च अधिकारी जगदीश कालीरमन, निगम पार्षद मुकेश बंसल, निगम पार्षद रितेश सूजी, निगम पार्षद चन्द्र प्रकाश, निगम पार्षदा शिवानी पांचाल, नेशनल फर्टीलाइजर से चीफ विजिलेंस ऑफिसर अमित शर्मा, मुख्य रूप से उपस्थित रहे स कार्यक्रम के सदस्यों के रूप में मुख्य रूप से डॉक्टर अरविंद सिंह, डॉक्टर योगेश कौशिक, डॉक्टर विजय शर्मा, डॉक्टर शुभम भारद्वाज, इंजीनियर सुशील वार्ष्णेय, बृज भूषण ,अक्षय पाटोदिया, डी पी जैन,डॉक्टर सुनील गौतम, डॉक्टर रश्मि सिंह, डॉक्टर हेमंत गौड़, पूजा बंसल, तरुण दत्त शर्मा, सचिन जैन, अमित वर्मा,रुपेश सिंह ,बलजीत सिंह, दीपक बंसल, सतीश बंसल इत्यादि उपस्थित रहे।

## पशुओं में बीमारी से पशुपालक चिंतित

**नांगल सोती।** भीषण गर्मी से पशुओं में अफारा और बुखार की बीमारी फैल रही है। उपचार के बाद भी पशुओं की सेहत में सुधार न होने से पशुपालक चिंतित हैं। ग्राम हरचंदपुर, मायापुरी, चमरौला, सौफतपुर, महमसापुर, जीतपुर, शहजादपुर में इन दिनों भीषण गर्मी के कारण पशुओं में अफारा व बुखार की बीमारी ने पैर पसार रखे हैं।

**अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं०-1, बरेली।**

याचिका सं0-1750/2025

श्रीमती बबली उर्फ भानवती आयु लगभग 33 वर्ष पत्नी सोनू पुत्री श्री इन्दापाल निवासी-20/336, कल्याणपुरी, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली - 110091 हाल निवासी - ग्राम भूडा बसन्तपुर थाना सिरौली जिला बरेली। .........**याची।**

**बनाम**

सोनू आयु लगभग 35 वर्ष पुत्र चरण सिंह निवासी-20/336, कल्याणपुरी, पूर्वी, थाना कल्याणपुरी 1 नं0, दिल्ली, दिल्ली-110091...............**विपक्षी।**

धारा-13 एच0एम0 एक्ट

चूंकि बबली उर्फ भानवती ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 13 हिन्दू विवाह अधिनियम हेतु प्रस्तुत किया है।

अत: आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 30.05.2026 को वास्ते लिखित कथन/एवज राजीनामा प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हो। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो अवश्यक चिपकाया जाये।

नियत दिनांक 30.05.2026 पर आपके द्वारा द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियामानुसार की जावेगी।

दिनांक-13.05.2026

आदेशानुसार
मुन्सरिम,
अपर प्रधान न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं0-1,
बरेली।

## सीआईएसएफ महानिदेशक ने किया पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के (प्रशासन) जय प्रकाश आजाद द्वारा रचित प्रेरणादायक पुस्तक 'होगी जय... है पुरुषोत्तम नवीन!' का सीआईएसएफ महानिदेशक द्वारा बल मुख्यालय में विमोचन किया गया।

महाकवि निराला की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' से गहन प्रेरणा लेकर लिखी गई यह पुस्तक आधुनिक जीवन की चुनौतियों, निरंतर संघर्षों और क्षणिक निराशाओं के बीच व्यक्ति को आत्मविश्वास, धैर्य तथा कर्म के सकारात्मक मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रबल प्रेरणा प्रदान करती है। श्रीराम के अदम्य साहस, शक्ति पूजा और अंतिम विजय के माध्यम से पुस्तक हर व्यक्ति के भीतर छिपी पुरुषोत्तम की संभावनाओं को जगाती है तथा उन्हें अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रेरित करती है। लेखक जय प्रकाश आजाद ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि यह पुस्तक रामायण का पुनर्लेखन नहीं है, बल्कि श्रीराम के जीवन, संघर्ष, धैर्य और कर्मयोग से सीख लेकर आज की युवा पीढ़ी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करने का सार्थक प्रयास है।



## चाबी वाला बनकर करता था रेकी हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कई राज्यों में चोरी और सेंधमारी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर जोगिंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। वह मूलरूप से नंदुरबार (महाराष्ट्र) का रहने वाला है फिलहाल वह इंदौर (मध्य प्रदेश) में ठिकाना बदलकर रह रहा था।

दिल्ली पुलिस की तरफ से उसपर 50 हजार का इनाम घोषित था। वह चाबी वाला बनकर दिन में रेकी करता था और रात को घरों के ताले तोड़कर नगदी, आभूषण व अन्य कीमती चोरी कर फरार हो जाता था। कृष्णा नगर और गीता कालोनी के दो मामले में कोर्ट द्वारा इसे भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। डीसीपी क्राइम ब्रांच संजीव कुमार यादव के मुताबिक जोगिंदर सिंह, सोसायटियों में 'ताले-चाबी ठीक करने वाला' बनकर घूमता था। वह पहले बंद घरों की रेकी करता था और मौका मिलते ही मास्टर चाबी या ताला तोड़कर घर में दाखिल होकर कैश, ज्वेलरी व अन्य कीमती सामान समेटकर फरार हो जाता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश के बीच अपने ठिकाने बदलता रहता

## बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि उनकी सोच को अपने जीवन में उतारना: प्रो. अनु सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अम्बेडकर विवि , दिल्ली की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देने का सबसे बड़ा तरीका यह है कि उनकी जो सोच रही है, उसको आप अपने रोजमर्रा के जीवन में उतारें। प्रो. लाठर दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनी. ति विज्ञान विभाग, उत्तरी परिसर में 'Constitutionalism, Equality and Ambedkar's Legacy' विषय पर आयोजित एक चर्चा की अध्यक्षता करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

## बेटी की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुकुंदपुर इलाके में पुलिस ने एक बच्ची का शव बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने बच्ची के पिता दीपक को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपक पर अपनी बेटी की हत्या का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दीपक की पहले से ही एक बेटी थी।

दूसरी बेटी के जन्म से वह कथित तौर पर बेहद नाखुश था। इसी नाराजगी के कारण उसने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है।

## नीट पेपर लीक को लेकर आप पार्षदों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक सोमवार को उस समय हंगामेदार हो गई, जब आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

हंगामे के चलते निगम की बैठक को स्थगित कर दिया गया। बैठक के दौरान आप पार्षदों ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। पार्षदों का आरोप था कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा दिया है। सदन में आप पार्षदों ने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा जैसे संवेदनशील एग्जाम में धांधली बेहद गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

विरोध के चलते सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए बाधित भी रही। इस दौरान आम आदमी पार्टी के पार्षद हाल ही में सोशल मीडिया से सुर्खियों में आई कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में भी पोस्टर लेकर पहुंचे।

## नीट-2026 पेपर लीक मामले में प्रो. मनीषा को 6 दिन की कस्टडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में पुणे की रहने वाली भौतिकी की प्रो. मनीषा संजय हवलदार को छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने सोमवार को सीबीआई की कस्टोडियल पूछताछ की मांग स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि मनीषा हवलदार नीट-यूजी परीक्षा में ट्रांसलेटर के तौर पर कार्यरत थीं। जांच एजेंसी के अनुसार, उन्होंने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर उन भौतिकी प्रश्नों को साझा किया, जो अनुवाद के लिए उनके पास आए थे। एजेंसी का दावा है कि यही प्रश्न बाद में लीक नेटवर्क के जरिए बाहर पहुंचाए गए। सीबीआई ने हवलदार को 22 मई को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया। एजेंसी के मुताबिक, पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला में कार्यरत हवलदार पेपर लीक के मुख्य स्रोत आरोपितों में शामिल हैं। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि प्रश्नपत्र किन लोगों तक पहुंचाया गया, इसके बदले कितनी रकम ली गई और इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल था।

## दो सीसीएल को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस के गांधी नगर थाने की टीम ने हत्या के प्रयास मामले में शामिल दो सीसीएल को पकड़ा है।आरोपी और पीड़ित के बीच घटना से पहले पैसों के विवाद को लेकर तीखी बहस हुई थी। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया कि 21 मई को गांधी नगर थाने में धर्मपुरा इलाके में चाकूबा. जी की एक घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इस दौरान सूचना मिली कि ,दो लड़के, शिकायतकर्ता की धर्मपुरा में स्थित फैक्ट्री में आए। बातचीत के दौरान, पैसों के विवाद को लेकर उनके बीच तीखी बहस हो गई। अपराध करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल व्यक्ति को उसकी पत्नी द्वारा तुरंत जग प्रवेश अस्पताल ले जाया गया, जिसने पुलिस को भी इस घटना के बारे में सूचित किया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2026-2027 दिनांक 21.04.2026
ii) निविदा संख्या 08260001A 04.06.2026 को देय है।

1. उपर्युक्त टेंडर के संदर्भ में, अंतिम तिथि 25.05.2026 से बढ़ाकर 04.06.2026 कर दी गई है।
2. उपर्युक्त टेंडर के संदर्भ में, पात्रता मानदंड संशोधित कर दिए गए हैं।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1769/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/24/2026-27/W-3 दिनांक: 25.05.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | आरआरआई केबिन से पीएफ नंबर 8 तक जाने वाली पहुंच सड़क का सुधार, वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रावधान, एडीईएन / एनडीएलएस के अंतर्गत एसएसई /वर्क्स/ एएनवीटी खंड में शौचालय परिसर का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु. 2,00,99,984.62/- (रुपये दो करोड़ निन्यानवे हजार नौ सौ चौरासी और बासठ पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | रु. 4,02,000.00/- (रुपये चार लाख दो हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.06.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 1768/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गंगा दशहरा मेले को लेकर ब्रजघाट में हाई अलर्ट, डीआईजी ने सुरक्षा इंतजाम परखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व को लेकर तीर्थनगरी ब्रजघाट में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए सोमवार को मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्नान घाटों, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों, पार्किंग स्थलों और यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

डीआईजी ने गढ़मुक्तेश्वर पहुंचकर अधिकारियों के साथ ब्रजघाट क्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गंगा किनारे बनाए गए सुरक्षा इंतजामों को बारीकी से देखा। घाटों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती, महिला सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की जानक.ारी भी ली गई। अधिकारियों ने नाव के माध्यम से गंगा में उतरकर विभिन्न स्नान घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जल पुलिस, गोताखोरों और सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने कहा कि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए हर स्तर पर सतर्कता जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था को लेकर भी



डीआईजी ने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान हाईवे और ब्रजघाट क्षेत्र में जाम की स्थिति न बने, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और पार्किंग स्थलों का प्रभावी संचालन किया जाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखने और संवे.दनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी दिए गए। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा, गंगा दशहरा पर्व पर




श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें। घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अलग से महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। हमारा उद्देश्य है कि श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और सुरक्षित माहौल में गंगा स्नान कर सकें।

## जनगणना सर्वे के दौरान महिला शिक्षक से बदसलूकी, दो युवक पुलिस हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में जनगणना सर्वे के दौरान महिला शिक्षक के साथ अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने महिला शिक्षक के साथ बदसलूकी करते हुए सरकारी कागजात फाड़ दिए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया गया है कि क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य के तहत महिला शिक्षक घर-घर जाकर लोगों का विवरण एकत्र कर रही थीं। इसी दौरान दो युवक वहां पहुंच गए और किसी बात को लेकर महिला शिक्षक से विवाद करने लगे। आरोप है कि युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके पास मौजूद सरकारी दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना बहादुरगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। महिला शिक्षक और अन्य कर्मचारियों ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है।

# हापुड़ में सजा राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन (ऑराकॉन 2026)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ द्वारा आयोजित (ऑराकॉन 2026) राष्ट्रीय अकाद.मिक सम्मेलन में आधुनिक एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और अल्ट्रासाउंड आधारित चिकित्सा तकनीकों पर व्यापक चर्चा हुई। देशभर के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों और युवा डॉक्टरों ने सम्मेलन में भाग लेकर वैज्ञानिक अनुभव साझा किए।

एनेस्थीसियोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर विभाग की ओर से आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा, शोध, नवाचार और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा



लिया। सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक व्याख्यान, केस स्टडी, इंटरएक्टिव सत्र, पेपर प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जे. रामचंद्रन और राम्या रामचंद्रन के मार्गदर्शन में हुआ। वहीं डा. विवेक वैभव, डा. शैलजा शर्मा, डा. निखिल वैद और डा. मनीष माधरे ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। एम्स दिल्ली, जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा और पारस हॉस्पिटल चंडीगढ़ समेत कई संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सम्मेलन में भाग लिया। विशेषज्ञों ने रीजनल एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर, दर्द प्रबंधन, एयरवे मैनेजमेंट, अल्ट्रासाउंड गाइडेड तकनीकों और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन में लगभग 75 शोध पत्र और पोस्टर प्रस्तुत किए गए। युवा डॉक्टरों और शोधार्थियों ने जटिल क्लिनिकल केस, आधुनिक उपचार पद्धतियों और नई चिकित्सा तकनीकों पर अपने शोध साझा किए। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति और शोध गुणवत्ता की सराहना की। हैंड्स-ऑन अल्ट्रासाउंड गाइडेड रीजनल एनेस्थीसिया वर्कशॉप प्रतिभागियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। सम्मेलन के समापन पर आयोजन समिति ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा, शोध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

## चलती कार में लगी भीषण आग, हाईवे पर मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में बढ़ती गर्मी अब हादसों की वजह बनने लगी है। रविवार को पिलखुवा हाईवे पर एक चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। कार से पहले धुआं उठा और कुछ ही देर में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान कार में सवार तीन लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार हाईवे पर गुजर रही थी तभी बोनट से धुआं निकलता दिखाई दिया। चालक कुछ समझ पाता उससे पहले आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और उसमें से धमाके जैसी आवाजें आने लगीं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास से गुजर रहे वाहन चालक भी सहम गए और कई लोगों ने अपने वाहन रोक लिए। घटना की सूचना मिलते ही पिलखुवा पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने



काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। भीषण गर्मी के चलते वाहनों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक तापमान में इंजन ओवरहीट होना, वायरिंग में शॉर्ट सर्किट, बैटरी का अधिक गर्म होना और ईंधन रिसाव जैसी समस्याएं आग लगने का मुख्य कारण बन रही हैं। पुराने और बिना सर्विस वाले वाहनों में यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है। ऑटोमोबाइल जानक.ारों का कहना है कि गर्मी में लंबे समय तक लगातार वाहन चलाने से इंजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। पिलखुवा हाईवे की यह घटना लोगों के लिए चेतावनी बनकर सामने आई है कि भीषण गर्मी में जरा सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।

## शॉर्ट सर्किट ने उजाड़े गरीब परिवार के अरमान, शादी का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** परतापुर गांव में रविवार देर रात शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने एक गरीब परिवार के अरमानों को राख कर दिया। मजदूरी कर बेटी की शादी के लिए धीरे-धीरे जोड़ा गया सामान, नकदी और घरेलू वस्तुएं आग की भेंट चढ़ गईं। हादसे के बाद परिवार सदमे में है, जबकि गांव के लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। जानकारी के अनुसार गांव निवासी लक्ष्मण कोरी पुत्र वसंत सिंह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते हैं। बेटी की शादी तय होने के बाद वह लंबे समय से थोड़ा-थोड़ा पैसा बचाकर शादी का सामान जुटा रहे थे। रविवार रात भीषण गर्मी के कारण परिवार मकान की छत पर सो रहा था। इसी दौरान घर के अंदर अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। घर से उठती आग की लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों व अन्य साधनों से आग बुझाने में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। हादसे में बेटी की शादी के लिए खरीदे गए कपड़े, आभूषण, घरेलू सामान, बिस्तर और करीब 30 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गई। परिवार के लोगों का कहना है कि यह सामान उन्होंने वर्षों की मेहनत और बचत से जुटाया था। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।



ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि गरीब परिवार के लिए यह नुकसान बहुत बड़ा है और प्रशासन को तत्काल राहत उपलब्ध करानी चाहिए।

## सड़क हादसे में युवक की मौत पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र के छतनौरा गांव में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार की टक्कर से घायल हुए युवक ने मेरठ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। करीब डेढ़ घंटे तक चले हंगामे से यातायात व्यवस्था चरमरा गई।

जानकारी के अनुसार छतनौरा निवासी 27 वर्षीय जय सिंह उर्फ सोनू अपनी बुलेट बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आई तेज गति की स्विफ्ट कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद



चालक घबराकर कार मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से नाराज ग्रामीण सड़क पर उतर आए और जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करे। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मामले की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिका.रियों ने लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिया। काफी समझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। पुलिस ने स्विफ्ट कार को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार का कहना है कि जल्द आरा.ेपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे किनारे मिला युवक का शव, शराब की लत से मौत की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 स्थित पिलर संख्या-63 के पास सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान रजनी विहार निवासी सुबोध (40) पुत्र ताराचंद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक लंबे समय से शराब पीने का आदी था। अत्यधिक शराब सेवन के चलते उसका पारिवारिक जीवन भी प्रभावित हो चुका था। बताया गया है कि उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ अलग रह रही थी, जबकि सुबोध अधिकतर समय बाहर ही रहता था। सोमवार सुबह राहगीरों ने हाईवे किनारे शव पड़ा देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिवार में को.हराम मच गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला अत्यधिक शराब सेवन से जुड़ा लग रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## हापुड़ के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक विजयपाल आढ़ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** लखनऊ में सोमवार को हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयपाल आढ़ती ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जनपद हापुड़ के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जनपद में जिला सत्र एवं न्यायालय भवन निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने, हापुड़ के सीमा विस्तार तथा विधानसभा क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग प्रमुखता से उठाई।

विधायक विजयपाल आढ़ती ने मुख्यमंत्री को बताया कि जनपद हापुड़ लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन बढ़ती आबादी और प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए न्यायालय भवन और सीमा विस्तार जैसे मुद्दों का समाधान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला सत्र एवं न्यायालय भवन बनने से आम लोगों को बेहतर न्यायिक सुविधाएं मिलेंगी और अधिवक्ताओं को भी कार्य करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक द्वारा रखे गए सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हापुड़ समेत सभी जनपदों के संतु.लित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। मुलाकात के बाद विधायक विजयपाल आढ़ती ने



कहा कि हापुड़ के विकास और जनता की सुविधाओं को लेकर वह लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है, जिससे क्षेत्र की जनता में उम्मीद जगी है। इस अवसर पर हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, सचिव रवि कुमार तथा अधिवक्ता आबिद नबी भी मौजूद रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के समक्ष जनपद से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस्तार से रखा।

### एक नजर

## पुलिस मुठभेड़ में 3 बदमाशों को लगी गोली, अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

pkegkA थाना जैत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ओमवार को पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन बदमाशों को पैर में गोली लगी है, जबकि तीन अन्य को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध असलहे, कारतूस, एक मोटरसाइकिल और 1,04,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। ये सभी आरोपी पशु चोरी की कई घटनाओं में वांछित थे।

थानाध्यक्ष जैत सोनू कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना जैत में दर्ज मुकदमों से संबंधित पशु चोर गिरोह हाईवे के पास देवी आटस रोड पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 3 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए वृन्दावन स्थित सौ–शैय्या संयुक्त अस्पताल भेजा गया है। मुठभेड़ में दीपक (सुल्तानपुरी, दिल्ली), जस्सी (बरसाना, मथुरा), रितिक (छाता, मथुरा) घायल हो गए। सागर (डीग, राजस्थान), अनिल (कोसी, मथुरा) सुमित (माट, मथुरा) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के पास से 315 बोर के तीन तमंचे, जिंदा कारतूस और खोखे बरामद किए हैं। इसके अलावा, चोरी की वारदातों में इस्तेमाल की जाने वाली एक मोटरसाइकिल और 1,04,000 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने बताया पकड़े गए बदमाशों का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। गिरोह के अधिकांश सदस्यों पर मथुरा के विभिन्न थानों (शेरगढ़, राया, गोवर्धन, मगोरा, जैत) में चोरी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के सदस्य सागर पर राजस्थान और हाथरस में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम अब इनके अन्य सहयोगियों और आपराधिक नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

## लू से बचाव को एडवाइजरी जारी

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने मौसम विभाग, उ.प्र. लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में दिनांक 28 मई से 30 मई तक तेज हवा, मेघगर्जन, वर्षा एवं वज्रपात (आकाशीय बिजली) की संभावना व्यक्त की गई है। इस संबंध में डीएम द्वारा जारी एडवाइजरी कि गई है। उन्होंने जनपदवासियों से कहा है कि खराब मौसम एवं वज्रपात के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने किसान बंधुओं का आह्वान करते हुए कहा कि खेतों में कार्य करते समय सतर्क रहें तथा मेघगर्जन होने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर शरण लें।

## दलित छात्रा से जुड़ी कथित घटना के विरोधा में कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

eFkjkA उत्तर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा ने महोबा जनपद में एक दलित छात्रा से जुड़ी कथित गंभीर आपराधिक घटना के विरोध में शांतिपूर्ण सां.केतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने प्रदेश में दलित समुदाय के खिलाफ बढ़ती कथित घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महोबा की यह घटना कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि



एक नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कोचिंग से लौटते समय अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ अत्याचार किए गए तथा उसे गंभीर यातनाएं दी गईं और दबाव में शादी कराने की कोशिश की गई। उन्होंने इस घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में दलितों और कमजोर वर्गों के खिलाफ ऐसी घटनाएं चिंता का विषय हैं और सरकार कानून–व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है।

## संस्कृति विवि के पुस्तकालय अधयक्ष डा. वर्मा हुए सम्मानित

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष डा. बीके वर्मा को शिक्षा एवं अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वेलरेड फाउंडेशन कलकत्ता द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

डा. वर्मा की इस उपलब्धि पर संस्कृति विवि के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

डॉ. वर्मा पिछले कई वर्षों से शिक्षा, शोध, पुस्तकालय प्रबंधन, डिजिटल लाइब्रेरी सेवाओं एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास



के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पुस्तकालय सेवाओं में आधुनिक तकनीकों का समावेश, शोध गति.विधियों को बढ़ावा, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने डॉ. वर्मा को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए इसे पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। डॉ. बी. के. वर्मा ने इस सम्मान का श्रेय संस्कृति यूनिवर्सिटी के माननीय चांसलर महोदय, माननीय वाइस चांसलर महोदय, माननीय प्रो–वाइस चांसलर महोदय एवं माननीय सीईओ मैडम को देते हुए उनके निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहयोग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# इकोटेक-3 पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के उद्योग क्षेत्र स्थित एक कंपनी से लाखों रुपये कीमत का इलेक्ट्रिक पैनल और अन्य सामान चोरी करने वाले पांच आरोपियों को थाना इकोटेक-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध असलहा, चाकू और गांजा रखने के आरोप में पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

थाना इकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कंपनी के एक कर्मचारी ने थाने में शिकायत दी थी कि अज्ञात चोर कंपनी से इलेक्ट्रिक पैनल का सामान चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान कंपनी में पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई।

पुलिस ने सूचना के आधार पर रिषभ



मिश्रा पुत्र अनीस मिश्रा, जिशान पुत्र मोहम्मद शकील, भारती पुत्र दुर्योधन, मोनू पुत्र रामन. रेश और संतोष कुमार सिंह पुत्र हलदर सिंह को कंपनी के सामने से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक सॉफ्ट स्टार्टर सुपरनोवा, 9 एल्युमिनियम बसबार, 9 सीम. ेस डिस्प्ले, 4 पीएलसी, 2 ट्रांसफार्मर तथा 13 राउटर और मॉडेम बरामद किए हैं।

वहीं अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना जारचा पुलिस ने हारून को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया। एक अन्य मामले में मोहम्मद आदिल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया गया।

इसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दुष्यंत पुत्र बहादुर सिंह को भी गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद हुए। थाना इकोटेक-प्रथम पुलिस ने सूचना के आधार पर नवीन कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध चाकू बरामद किया।

थाना कासना पुलिस ने जिम्स अस्पताल के पास से सनी नामक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उसके कब्जे से एक किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस सभी मामलों में विधिक कार्रवाई करते हुए आगे की जांच कर रही है।

# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी में दो बिल्डर को मिला कंडीशनल ओसी

**■ 3 साल में बनानी होंगी स्पोर्ट्स एक्टिविटी, हो सकेगी रजिस्ट्री, 20 प्रतिशत इवेंट्री प्राधिकरण रखेगा**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के आद. ेशानुसार प्राधिकरण ने स्पोर्टस सिटी भूखंड संख्या एससी-02, सेक्टर 150 नोएडा में टाटा यूरेका और गोदरेज पॉम रिट्रीट बिल्डर को कंडशीनल ओसी जारी कर दी है। प्राधिकरण ने बताया कि दोनों बिल्डर ने अपना बकाया जमा कर दिया है। हालांकि 20 प्रतिशत इवेंट्री प्राधिकरण अपने अधीन रखेगा। इसके लिए बिल्डर तैयार नहीं है।

बिल्डर का कहना है जब पूरा पैसा दिया गया है तो वह इवेंट्री प्राधिकरण के अधीन नहीं करेगा। जबकि कंडीशनल ओसी जारी करने से पहले प्राधिकरण की शर्तो में इसे शामिल किया है। अब तीन साल में बिल्डर को स्पोर्टस ब्राशर के अनुसार स्पोर्टस गतिविधि का निर्माण करना होगा। साथ ही सभी प्रकार की सुविधाओं को बनाकर वो कंपलीशन सार्टिफिकेट के लिए अप्लाई करेगा।

**रजिस्ट्री का रास्ता साफ:** ओसी जारी होने के बाद बिल्डर बायर्स की रजिस्ट्री करवा सकता है। क्योंकि यहां पहले से ही फ्लैटों में लोग रहा रहे है। बता दे स्पोर्टस सिटी सेक्टर-78,79,150 और 152 में प्राधिकरण ने ओसी से संबंधित रोक को हटा लिया है। इसमें टाटा प्रोजेक्ट्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज, प्रेस्टिज ग्रुप, काउंटी ग्रुप, लोटस ग्रीन्स और एल्डेको जैसे नामी बिल्डर्स शामिल हैं।इस परियोजना में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश जुड़ा हुआ है और इससे करीब 40 हजार परिवार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित थे।

**कोर्ट ने क्या दिया था आद. ेश:** प्राधिकरण ने बताया कि ये ओसी भी सुप्रीम कोर्ट के 24 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में लिया गया। जिसमें अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिन परियोजनाओं ने भवन निर्माण नियमों और बकाया भुगतान की शर्तें पूरी कर ली हैं, उन्हें सशर्त ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी किया जाए और रजिस्ट्रियों की अनुमति दी जाए। इस शर्त के अनुसार डेवलपर को 70 प्रतिशत हिस्से में स्पोर्टस एक्टिविटी बनाना जरूरी होगा। इस निर्णय से हजारों होम बायर्स को बड़ी राहत मिली है।

# जलभराव हुआ तो सिनियर मैनेजर होंगे सस्पेंड

**■ नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी नहीं, हर साल 15 जून तक हो जाती थी सफाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मानसून से पहले नालों की साफ-सफाई होना मुश्किल है। अधिकांश सर्किल की ओर से अब तक टेंडर जारी नहीं किए गए। प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर ने स्पष्ट कि जिन सर्किल अधिकारियों ने टेंडर जारी नहीं किया। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मानसून के दौरान जिस सर्किल अधिकारी के क्षेत्र में जलभराव हुआ। उस सीनियर मैनेजर को सस्पेंड किया जाएगा।

दरअसल, मानसून से पहले प्राधिकरण में दस करोड़ रुपये का नाला सफाई का टेंडर जारी किया जाना था, लेकिन टेंडर प्रक्रिया शुरू करना ही प्राधिकरण अधिकारी भूल गए। अप्रैल में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर नाला सफाई का काम आवंटित कर 15 जून तक शहर के सभी छोटे व बड़े नालों की साफ कर दिया जाता रहा है। लेकिन इस बार सिर्फ कुछ सर्किल क्षेत्र के सीनियर मैनेजर की ओर से टेंडर जारी किया।

**जनवरी में व्यवस्था में किया बदलाव:** जनवरी में जब प्राधिकरण सीईओ कृष्णा करुणेश ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहते हुए सीईओ का पदभार संभाला, उस समय जन स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए सिविल के साथ उसका मर्जर कर दिया। ।मकसद था कि जनस्वास्थ्य विभाग एक महाप्रबंधक, दो वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ नहीं, बल्कि दस वर्क सर्किल में तैनात वरिष्ठ प्रबंधकों की निगरानी में कार्य संचालित होगा।।इससे सफाई व्यवस्था की निगरानी में अधिक सुपरवाइजर, जेई, प्रबंधक, तैनात रहेंगे, जेई व सुप. रवाइजर जब सिविल का कार्य देखने के लिए मौके पर जाएंगे, तो उन्हें नाली, नाला व सड़क पर पड़ी गंदगी आसानी से दिखाई देगी। इससे साफ सफाई व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित होगा।

**पहले दो टेंडर होते अब होंगे 10:** बता दे नाला सफाई पर हर साल जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच-पांच करोड़ रुपये के दो टेंडर जारी किए जाते थे, लेकिन प्राधिकरण की नई व्यवस्था में दस वर्क सर्किल में कार्य बंट गया है, इसलिए दस करोड़ रुपये के दस टुकड़ों में टेंडर जारी होना था। यह कार्य सीनियर मैनेजर को समझ में नहीं आया, क्योंकि यह फ्लोटिंग मैटेरियल का कार्य था, नाला दसों सर्किल के क्षेत्र में बढ़ रहा है।।एक सर्किल सफाई कराता, तो फ्लोटिंग मैटेरियल सफाई के दौरान बहकर दूसरे सर्किल में पहुंच जाता। इसलिए अब 15 जून तक नालों की सफाई ही नहीं हो सकती है। यदि आज टेंडर प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया जाए तो एक महीने का समय टेंडर आवंटन में अवश्य लगेगा, क्योंकि नियमानुसार 45 दिन से पहले टेंडर को खोला ही नहीं जा सकता है।

# दो भाइयों पर कार चढ़ाने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**■ पुरानी रंजिश में हुई घटना, पुलिस ने जेल भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गुनपुरा गांव में दो भाइयों पर कार चढ़ाकर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, गुनपुरा गांव निवासी पंकज ने 4 अप्रैल को दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके चचेरे भाई अभिषेक और



मामा के बेटे सक्षम (जो फरीदाबाद के रहने वाले हैं) गांव में घर से दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही तेजा भड़ाना, उसके बेटे सचिन और दो अन्य अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर बलेनो कार चढ़ा दी। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।।आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां लगभग एक महीने तक उनका इलाज चला। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तेजा भड़ाना, उसके बेटे सचिन सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने इससे पहले मुख्य आरोपी तेजा भड़ाना को करीब 20 दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को उसके बेटे सचिन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नई आवंटन दरें लागू

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और स्वर्णनगरी समेत 19 आवासीय सेक्टर सबसे अधिक महंगे हो गए हैं। इनमें भूखंडों की आवंटन दर 49,588 से बढ़कर 51,363 रुपये प्रति वर्गमीटर हो गई है। इसमें ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नौ सेक्टर शामिल हैं। वहीं, सबसे कम आवंटन दर 34,680 सेक्टर-11, 17 और 20 की है। प्राधिकरण ने कार्यालय आदेश जारी किया है। नई आवंटन दरें 21 मई से प्रभावी मानी जाएंगी। आवासीय के साथ व्यावसायिक और बिल्डर परियोजनाओं के लिहाज से भी ये 19 सेक्टर महंगे हो गए हैं। सबसे अधिक आवंटन दर श्रेणी-ए में आने वाले इन्हीं सेक्टरों की है। व्यावसायिक भूखंडों की आवंटन दर फ्लोर एरिया रेसियो (एफएआर) के हिसाब से 72,436 और 98,776 रुपये प्रति वर्गमीटर हो गई है।

# ड्रॉपआउट दर को कम करने को विभाग ने शुरू किया ट्रैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों से पास होने वाले बच्चों की अब बीच में पढ़ाई न छूटे और ड्रॉपआउट दर को कम हो सके, इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने विशेष विद्यार्थी ट्रैकिंग अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत कक्षा 5 और कक्षा 8 पास करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का विस्तृत डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इससे यह पता लगाया जाएगा कि बच्चों ने आगे किस विद्यालय में प्रवेश लिया है।

प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विद्यालय से पास-आउट होने वाले सभी बच्चों का पूरा विवरण तैयार करें।

इस डेटा को प्रेरणा पोर्टल और यूडीआईएसई जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपडेट किया जा रहा है। इसमें छात्र का नाम, अभिभावक का मोबाइल नंबर, पता और नए विद्यालय में नामांकन की स्थिति दर्ज की जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चे कक्षा 5 या 8 के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां और जागरूकता की कमी इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। नई व्यवस्था के तहत यदि कोई बच्चा अगली कक्षा में दाखिला नहीं लेता है तो विभाग की टीम सीधे उसके परिवार से संपर्क करेगी और बच्चे को दोबारा स्कूल से जोड़ने का प्रयास करेगी। इसके अलावा विभाग कक्षा 5 और 8 पास छात्रों की टीसी और परीक्षा परिणाम सूची का मिलान नजदीकी उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रवेश रिकॉर्ड से भी करेगा। इससे उन बच्चों की पहचान आसानी से हो सकेगी जिन्होंने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी है।

## एक नजर

### नोएडा में गहराया तेल का संकट

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** नोएडा में पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल संकट भी गहराता नजर आ रहा है। शहर के कई इलाकों में पेट्रोल की सप्लाई अचानक बाधित हो जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं।

ताजा मामला सेक्टर-68 स्थित एक पेट्रोल पंप का है, जहां सुबह से ही पेट्रोल लेने वालों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की सूचना मिलते ही लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, लेकिन उन्हें पेट्रोल नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेट्रोल की कमी की वजह से उन्हें अपने वाहनों को सड़क पर धक्का देकर ले जाना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप के बाहर कई युवक और नौकरीपेशा लोग अपनी मोटरसाइकिलों को घसीटते हुए नजर आए। लोगों ने बताया कि अचानक सप्लाई रुकने से उन्हें ऑफिस जाने, बच्चों को स्कूल छोड़ने और जरूरी कामों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कुछ वाहन चालकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले से ही पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, ऊपर से अब पेट्रोल की कमी ने हालात और खराब कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो शहर में और बड़े स्तर पर परेशानी खड़ी हो सकती है। बताया जा रहा है कि फेस-3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस इलाके में अचानक सप्लाई प्रभावित होने के कारण यह स्थिति पैदा हुई। हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए है।

### मजदूरों की झुग्गियों में भीषण आग



**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर रेलवे स्टेशन रोड स्थित खेरली हाफिजपुर के पास मजदूरों की झुग्गियों में भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 20 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि झुग्गियों में रहने वाले मजदूरों को अपना सामान निकालने का मौका नहीं मिला। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। आरोप है कि सूचना मिलने के काफी देर बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तब तक आग ने अधिकांश झुग्गियों और उनमें रखे घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया था। बाद में, फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लगभग एक घंटे की कोशिश के बाद आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, मजदूर परिवारों का लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। दनकौर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।

# एनसीआर में डार्क वेब और सोशल मीडिया के जरिए इम्पोर्टेड ड्रग्स बेचने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश

**■ सरगना गौरव खन्ना ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार**
**■ आरोपी छात्रों और कॉलेज हॉस्टल में रहने वाले युवाओं को टारगेट कर ऑनलाइन तरीके से ड्रग्स सप्लाई करता था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ ने एनसीआर में डार्क वेब और सोशल मीडिया के जरिए इम्पोर्टेड ड्रग्स बेचने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना को गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया आरोपी डार्क वेब के जरिए विदेशों से इम्पोर्टेड गांजा, चरस, बाबा



कुश, LSD और अन्य मादक पदार्थ मंगवाता था। इसके बाद व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप बनाकर कॉलेज छात्रों तक सप्लाई की जाती थी। आरोपी ऑनलाइन ऑर्डर लेकर यूपीआई पेमेंट के जरिए पैसा वसूलता था और Rapido, Uber, Ola व Porter जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए डिलीवरी करवाता था।

एसटीएफ ने बताया कि इससे पहले इसी गिरोह के सदस्य करण राजीव को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में ड्रग्स, हथियार, बैंक दस्तावेज और लग्जरी कार बरामद हुई थी। उसी मामले में गौरव खन्ना फरार चल रहा था।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि गौरव खन्ना ने साल 2019 से इस नेटवर्क को चलाना शुरू किया था। आरोपी विदेशी ड्रग माफियाओं से क्रिप्टोकरेंसी के जरिए भुगतान कर ड्रग्स मंगवाता था। पैकेजिंग इस तरह की जाती थी कि सामान पेन ड्राइव या इलेक्ट्रॉनिक आइटम जैसा लगे। एसटीएफ के अनुसार आरोपी के खिलाफ हरियाणा, दिल्ली और यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल गिरोह के नेटवर्क, बैंक खातों और अन्य साथियों की जांच जारी है।

# किन्नर का शव मिलने से सनसनी, हत्या कर फेंकी बॉडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव तुगलपुर में रविवार को एक किन्नर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। किन्नर के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को फेंका गया है।

पुलिस के अनुसार रविवार को गांव तुगलपुर में एक किन्नर के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का निरीक्षण किया। जिसमें मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक क्षेत्र में लंबे समय से रह रहा था। हालांकि पुलिस फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है और हत्या, आपसी रंजिश सहित अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## छात्र की हत्या की सीबीआई जांच करने की मांग

**यमुना सिटी।** जेवर में 15 वर्षीय छात्र की निर्मम हत्या के मामले में अब सीबीआई जांच करने की मांग की गई है। विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीतांबर शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि 21 मई को छात्र गायब हुआ था, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद 22 मई को उसका शव पड़ोसी गांव में एक खाली मकान में मिला। शव काफी बुरी हालत में था और छात्र के साथ अमानवीय कृत्य किए गए थे। पुलिस इस मामले की जांच में भी गंभीरता नहीं दिखा रही है, इसलिए सीबीआई जांच से ही घटना का खुलासा हो सकता है। उन्होंने कहा कि 48 घंटे में अगर दोषियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण के कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की समीक्षा को लेकर आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जनपद में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य उप निद. ेशक निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ अभिमन्यु सिंह द्वारा वर्तमान प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मकान सूचीकरण ब्लॉक की प्रतिदिन की समीक्षा करें तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की कार्य प्रगति पर लगातार नजर रखें।

बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में चल रहे जनगणना कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रेटर नोएडा, नोएडा एवं यमुना विकास प्राधिकरण के एसीईओ कीअनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसके संबंध में मुख्य सचिव को पत्र लिखा जाएगा।24 घंटे के भीतर अपनी प्रगति में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला विज्ञान अधिकारी डोली कुमारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, चार्ज अधिकारी एवं जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से उप निदेशक अभिमन्यु सिंह, जिला प्रभारी जनगणना प्रदीप कुमार, उत्कर्ष पाण्डेय उपस्थित रहे।

# नीट-जेईई की तैयारी के लिए नए केंद्र खुलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को यूपीएससी, नीट, जेईई और यूपीपीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क कक्षाओं के संचालन की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी मेधा रुपम ने छात्रों के लिए दादरी में नया केंद्र खोलने पर सहमति प्रदान की।समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में तीन केंद्र संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं। इनमें डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय सेक्टर-37 नोएडा, पंचशील बालक इंटरा कॉलेज सेक्टर-93 नोएडा और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा शामिल है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मिहिर भोज बालक इंटर कॉलेज दादरी में नया अभ्युदय केन्द्र विक. सित किये जाने पर सहमति दी। साथ ही निर्देशित किया गया कि 15 जुलाई से सभी केंद्रों पर कक्षाओं का संचालन किया जाए। केंद्रों के संचालन के लिए आवश्यक समस्त सामग्री की खरीद जैम पोर्टल के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की भी स्वीकृति दी गई।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बिजली कटौती से व्यापारियों में आक्रोश

## प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता से मिला संयुक्त व्यापार संघ का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी बिजली से जुड़ी समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब व्यापार जगत भी कटौती का दंश झेल रहा है। सोमवार को संयुक्त व्यापार संघ का प्रतिनिधिमंडल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता से मिला। व्यापार संघ अध्यक्ष ने कहा कि प्रोडक्शन रुक गया है। बिजली ना होने की वजह से ग्राहक भी दूरी बना रहे हैं और बाजार सूने पड़े हैं।

संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों का एक दल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डिस्कॉम पहुंचा। प्रबंधन निदेशक रवीश गुप्ता अफसरों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने व्यापारियों को अपने पास ही बुला लिया। इस दौरान उपाध्यक्ष तरुण कुमार गुप्ता, संयुक्त व्यापार संघ मंत्री सरदार राजवीर सिंह भी साथ मौजूद रहे।

### एमडी ने वीसी रूम में की व्यापारियों से बात

जिस समय व्यापारी ऊर्जा भवन पहुंचे उस समय एमडी रवीश गुप्ता अफसरों के साथ विद्युत आपूर्ति को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्हें जब जानकारी मिली कि व्यापारी उनसे मिलने पहुंचे हैं तो उन्होंने सभी को अपने पास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में ही बुला लिया और उनसे बात की। अध्यक्ष बोले-बिजली कटौती से बाजार प्रभावित संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि मेरठ शहर से लेकर देहात तक बिजली आपूर्ति चरमराई हुई है। पूरा कारोबार जगत प्रभावित हो गया है। कई कारोबार तो ऐसे हैं जो बंदी की कगार पर पहुंच गए हैं। बड़ी-बड़ी फैक्ट्री का प्रोडक्शन रुक गया है। हर क्षेत्र पर बिजली कटौती का असर पड़ रहा है। मेंटेनेंस तक कि नहीं मिलती कोई जानकारीव्यापारी नेताओं ने कहा कि कुछ साल पहले एक व्यवस्था तैयार हुई थी। अगर किसी क्षेत्र में मेंटेनेंस के कारण बिजली काटी जाती है तो उस क्षेत्र के हर उपभोक्ता को फोन पर मैसेज के जरिए इसकी सूचना दी जाएगी। कुछ समय वह व्यवस्था चली लेकिन धीरे-धीरे पटरी से उतरती चली गई। अब कभी भी बिजली कट हो जाती है और किसी को पता ही नहीं चल पाता।


प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

### व्यापारी बोले अफसर नहीं उठाते फोन

संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष तरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या बिजली घरों पर आ रही है। व्यापारी अगर बिजली घर के फोन पर संपर्क करता है तो जवाब नहीं मिलता। जेई, एसडीओ और एक्सईएन तक के फोन नहीं उठाते हैं। मजबूर होकर कोई व्यापारी बिजली घर चला भी जाए तो वहां भी उचित व्यवहार नहीं होता।

# स्वामी विवेकानंद शोध पीठ को मिला पहला कॉपीराइट

## विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ज्ञान, शोध, भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को समर्पित, स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण, ऐतिहासिक और प्रेरणादायी क्षण है कि स्वामी विवेक. ानंद शोध पीठ को उसकी बहुप्रशंसित पुस्तक 'कोर वैल्यूज ऑफ स्वामी विवेकानंद फिलॉसफी' का पहला कॉपीराइट प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय परिवार के लिए सम्मान का विषय है, बल्कि शिक्षा, शोध, भारतीय दर्शन एवं आध्यात्मिक मूल्यों के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है। यह कॉपीराइट शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध के प्रति प्रतिबद्धता और भारतीय विचारधारा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को शिक्षा जगत में एक नई दिशा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि भारतीय संस्कृति एवं दर्शन पर आधारित शोध कार्य आज वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं।

'कोर वैल्यूज ऑफ स्वामी विवे. कानंद फिलॉसफी' पुस्तक में स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों, उनके आदर्शों, नैतिक मूल्यों, मानव सेवा, राष्ट्र निर्माण, युवा चेतना एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण को आधुनिक संदर्भों के साथ अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। पुस्तक में यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में स्वामी विवेकानंद शोध पीठ की प्रोफेसर एवं संयोजिका प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने अपने दूरदर्शी



नेतृत्व, अथक परिश्रम, समर्पण और अकादमिक दृष्टिकोण के माध्यम से इस कार्य को सफल बनाया। उनके मार्गदर्शन में शोध पीठ लगातार शिक्षा, शोध और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उनकी इस उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायी बताया। प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल एक पुस्तक के कॉपीराइट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वामी विवेकानंद के महान विच. ारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज में नैतिक मूल्यों और मानवीय संवे. दनाओं की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है, ऐसे में स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेक. ानंद के आदर्श आज भी संपूर्ण मानवता को आत्मविश्वास, सेवा, राष्ट्रभक्ति, आध्यात्मिकता और मानव कल्याण का संदेश देते हैं। हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, अनुसंधान और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। यह उपलब्धि हम सभी को और अधिक समर्पण, निष्ठा और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, शोधार्थियों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, समर्थन और प्रोत्साहन के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाता। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा जी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदया प्रो. (डॉ.) शल्या राज जी, रजिस्ट्रार महोदय जी.पी. कैप्टन एम. याकूब सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट शोध संस्कृति, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा कि आने वाले समय में शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में और अधिक महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, व्याख्यानमालाओं और शोध गति. विधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यह उपलब्धि इस बात का संदेश देती है कि यदि किसी कार्य को समर्पण, निरंतर प्रयास, सकारात्मक दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प के साथ किया जाए, तो स्फलता अवश्य प्राप्त होती है। स्वामी विवेकानंद शोध पीठ की यह सफलता शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए उत्साह का संचार करने वाली सिद्ध होगी।

निस्संदेह, 'कोर वैल्यूज ऑफ स्वामी विवेकानंदश्स फिलॉसफी' पुस्तक का कॉपीराइट प्राप्त होना केवल एक अकादमिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों को विश्व पटल पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण कदम है।

# विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का कुल लक्ष्य 11250 घरों में सोलर रुफटॉप लगाए जाने का है, जिसके सापेक्ष प्रतिमाह न्यूनतम 938 घरों में सोलर सिस्टम की स्थापना कराया जाना है। वर्तमान तक इस योजनार्न्तगत 17165 व्यक्तियों द्वारा आवेदन किया गया है, जिसके सापेक्ष 9819 घरों में सोलर रुफटॉप की स्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। जिस पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 1,08,000 रुपये प्रति घर की दर से अनुदान स्वरुप कुल (एक अरब छः करोड़ पैंतालीस लाख रुपये) अनुदान के रुप में अवमुक्त कर दिया गया है। उक्त योजना मार्च 2027 तक संचालित है।



जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक रुप से, मुख्य विकास अधिकारी मेरठ एवं एलडीएम मेरठ की अध्यक्षता में साप्ताहिक रुप से बैठक कराना सुनिश्चित करें साथ ही सहयोग न करने वाले बैंक के विरुद्ध एस.एल.बी.सी को सूचित करें। प्रभारी यूपीनेडा को निर्देषित किया गया कि यूपीनेडा पोर्टल एवं जन-समर्थ पोर्टल पर प्रदर्शित ऋण आवेदन की संख्या के अन्तर के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

वेण्डर्स श्री शगुन सोनकर द्वारा बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मार्जिन मनी के साथ ऋण धनराशि अवमुक्त नहीं की जा रही है। इस पर उपस्थित ए.एल.डी.एम द्वारा संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित को मार्जिन मनी के साथ ऋण धन. राषि अवमुक्त करने के निर्देष दिए गए, साथ ही उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि ऋण अवमुक्त होने के बाद उपभोक्ता का सेविंग अकाउंट सम्बन्धित बैंक शाखा को अवष्य शेयर करें। इसी क्रम में वेण्डर्स वैश्नवी एन्टरप्राईसेज द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग से इंडेंट जारी हो जाने के बाद भी काफी समय तक नेटमीटरिंग नहीं की जा रही है जिस पर जिला. धिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता विद्युत नियमतः निर्धारित सात कार्य दिवसों में नेटमीटरिंग की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें साथ ही वैश्नवी एन्टरप्राईसेज द्वारा प्रस्तुत चार इंडेंट के सापेक्ष कार्यवाही पूर्ण करते हुए परीक्षण कराकर आगामी तीन दिन में आख्या प्रस्तुत करना सुनिष्चित करें। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी बैंकर्स को निर्देषित किया गया कि आगामी पन्द्रह दिन में लम्बित सभी ऋण आवेदन का निस्तारण कराना सुनिष्चित करें। इस अवसर पर नूपुर गोयल मुख्य विकास अधिकारी, सौरभ मंगला अधिशासी अभियंता, रविकान्त अंगरीष ए.एल.डी.एम मेरठ, वीरेन्द्र सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी, हनी मंगल मैनेजर इन्टेली स्मार्ट, सुमित कुमार बी.डी.ओ सरधना, श्वेता कुमारी डी.सी इंडियन बैंक, मितु ढाका डी.सी एस.बी.आई मेरठ, रनजीत सिंह मैनेजर इंडियन ओव. रसीज बैंक मेरठ, श्रीकान्त डी.सी पीएनबी मेरठ, रुपम राणा मैनेजर, प्रमोद भूषण शर्मा परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ, शगुन सोनकर वेण्डर्स, अशुंल अग्रवाल वेण्डर्स, गर्वित गौतम वेण्डर्स, विवेक कुमार वेण्डर्स, अभिषेक मित्तल वेण्डर्स, सूर्याश, राजबहादुर वेण्डर्स आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने आईटीआई साकेत तथा कंकरखेड़ा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा सोमवार को आईटीआई साकेत तथा कंकरखेड़ा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनों का विधानसभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यपति नवीन चन्द्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व निर्वाचन कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपनों की नई उड़ान के साथ 'क्षितिज 2026' सम्पन्न, भावनाओं और उपलब्धियों से सजी यादगार शाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा वार्षिक विदाई समारोह 'क्षितिज 2026' का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। Where Memories Meet New Horizons थीम पर आधारित यह समारोह उत्साह, भावनाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पेशेवर उत्कृष्टता का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। कार्यक्रम ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा को यादगार बना दिया।

समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सभी डीन उपस्थित रहे और उन्होंने स्नातक हो रहे विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में अनुशासन, समर्पण और नवाचार को अपनाने का संदेश दिया। इंजी. नियरिंग कॉलेज का संपूर्ण शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।



शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच चार वर्षों में बने आत्मीय संबंधों की झलक कार्यक्रम के हर पल में दिखाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थी केवल डिग्री लेकर संस्थान से विदा नहीं होते, बल्कि वे विश्व. विद्यालय के संस्कार, ज्ञान और मूल्यों को भी अपने साथ लेकर जाते हैं। 'क्षितिज 2026' जैसे आयोजन विद्यार्थियों को नई उड़ान के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने सपनों को साकार करने का आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सुभारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

वहीं फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. (डॉ.) मनोज कपिल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हयह विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उपलब्धियों, संघर्षों और यादों का उत्सव है। हमारे विद्यार्थी जहां भी जाएंगे, अपनी प्रतिभा और संस्कारों से संस्थान का नाम रोशन करेंगे। 'क्षितिज 2026' विद्यार्थियों के जीवन का एक ऐसा पड़ाव है, जो उन्हें नए अवसरों और सफलताओं की ओर अग्रसर करेगा। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि इसका संपूर्ण संचालन, योजना एवं आयोजन इंजीनियरिंग कॉलेज के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत कुशलता और अनुशासन के साथ किया गया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, टीमवर्क और मेहनत ने समारोह को शानदार सफलता दिलाई तथा सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिनमें Mr. Farewell, Ms-Farewell तथा Student of the Year जैसे सम्मान शामिल रहे। इन पुरस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सह-पाठ्यक्रम गति. विधियों में योगदान को सम्मानित किया गया। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए यह शाम भावुक पलों से भरी रही। विदाई भाषणों, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत एवं स्मृतियों से सजे इस आयोजन ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन एक औपचारिक गाला डिनर के साथ हुआ, जहां शिक्षकों एवं जूनियर विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठों को सफल पेशेवर जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। क्षितिज 2026' की भव्य सफलता ने एक बार फिर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मजबूत सामुदायिक, पारिवारिक एवं संस्कारयुक्त वातावरण को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम डीन डॉ. मनोज कपिल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आईजीआरएस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम

## विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने की आईजीआरएस की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। विभागीय अधिकारी स्वयं शिकायतों की मॉनीटरिंग करें तथा जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लाप. रवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोपरि है और फीडबैक के आधार पर अधिकारियों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तर पर चौपाल का आयोजन किया जाये। विभागीय अधिकारी




लाभार्थीपरक योजनाओ से संबंधित कैम्प लगाते हुये योजनाओ का लाभ दिलाये। योजनाओ का क्रियान्वयन प्रभावी तौर पर किया जाये। सडको की मरम्मतध्पेंचवर्क का कार्य कराया जाये। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र तथा समस्त सरकारी संस्थान में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था पूर्णतः दुरूस्त रहे। विद्युत आपूर्ति एवं इससे संबंधित शिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाये। विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि लू एवं हीटवेव के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाएं ठीक रहे तथा किसी भी शिकायत एवं समस्या पर तत्काल कार्यवाही की जाये। गौशालाओ में चारा, भूसा, पीने का पानी, उपचार व्यवस्था व गर्मी से बचाव के समस्त व्यवस्थाएं ठीक रहे। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डा. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिक. ारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीपीआरओ वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरे पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, हर-हर गंगे से गूंजे घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्येष्ठ गंगा दशहरे के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तो वहीं गंगा मैया की पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की स्मृद्धि की कामना भी की। भोर से प्रारंभ हुआ गंगा स्नान शाम तक चलता रहा।

गंगा दशहरे पर स्नान के लिए रविवार की शाम से ही श्रद्धालु तिगरी व ब्रजघाट में पहुंचना शुरू हो गए थे। मध्य रात्रि में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई। भोर से स्नान प्रारंभ होते ही घाटों पर आस्था उमड़ पड़ी। गंगा घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। हर ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दे रहे थे। ब्रजघाट में तो स्नान के लिए स्थानीय नागरिकों के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा तक के लोगों ने भी पहुंचकर स्नान किया। स्नान के दौरान हर-हर महादेव, जय मां गंगा के उद्घोषों से स्नान घाट भी गूंज उठे। स्नान के बाद श्रद्धालु घाटों पर पुरोहितों व निर्धन लोगों को दान देते नजर आए। उधर, विकास खंड के गांव तिगरीधाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ से गंगाघट अट गए। यहां भी भोर से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। तपती धूप में युवा श्रद्धालुओं ने गंगा के शीतल पानी में अठखेलियां करते हुए खूब मौज-मस्ती की। सोमवार को भीषण गर्मी का एहसास सुबह से ही होने लगा था। ऐसे में श्रद्धालु काफी-काफी देर तक गंगा में



स्नान करते रहे। ब्रजघाट में श्रद्धालुओं ने नौका विहार भी किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। बता दें कि गंगा दशहरे का हिन्दु धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन ही महात्मा भागीरथ की पूजा अर्चना से प्रसन्न होकर गंगा मैया ने धरती पर अवतरण लिया था, तब से ही इस दिन को गंगा दशहरे के पर्व के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि आज के दिन दान करने से उसका कई गुना फल मनुष्य को प्राप्त होता है और गंगा मैया की कृपा से घरों में सुख, स्मृद्धि आती है। इस दिन विभिन्न क्षेत्रों में व्रत रखने की भी मान्यता है। वहीं गंगा दशहरे पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा हाइवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट रहा।

# कप्तान के व्यवहार से अधिवक्ताओं में रोष

## एसएसपी ने अधिवक्ताओं से मिलने से किया इंकार, वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 'नो वर्क' का प्रस्ताव पारित करते हुए कार्य किया बंद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी अविनाश पाण्डेय द्वारा अधिवक्ताओं से मिलने से इनकार करने के बाद वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। नाराज अधिवक्ताओं ने न्यायालय में 'नो वर्क' का प्रस्ताव पारित करते हुए कार्य बंद कर दिया। अधिवक्ताओं के अनुसार, एसएसपी ने उनसे मिलने के लिए सुबह 10:30 बजे का समय दिया था। इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री, जिला बार के वर्तमान अध्यक्ष और सचिव, साथ ही मेरठ बार के अध्यक्ष अनुज शर्मा और सचिव परवेज आलम सहित कई अधिवक्ता शामिल होने गए थे। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब वे एसएसपी कार्यालय पहुंचे तो वहां भारी पुलिस बल तैनात था, जिससे कार्यालय छावनी जैसा लग रहा था। अधिवक्ताओं के हाथों में लाठी नहीं थी और वह शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने गए थे। हालांकि कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया और उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। अधिवक्ताओं ने बताया कि जब उन्होंने खुद को पदाधिकारी बताते हुए मुलाकात की मांग की तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें रोका। इस घटना से सभी अधिवक्तागण आक्रोशित हो गए। एसएसपी के इस व्यवहार के विरोध में अधिवक्ताओं ने तत्काल प्रभाव से 'नो वर्क' का प्रस्ताव पारित कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि आगे की रणनीति तय करने के लिए जल्द ही एक और बैठक आयोजित की जाएगी। अधिवक्ताओं ने बताया कि वह एसएसपी को यह जानकारी देने गए थे कि जिन अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है वह उनकी बार के सदस्य हैं। उनकी मांग थी कि इन अधिवक्ताओं की शिकायतें भी दर्ज की जाए। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं ने यह भी दोहराया कि जब भी किसी अधिवक्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई हो तो बार के अध्यक्ष और सचिव को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

कचहरी में वकील के चैंबर में चार युवकों को बंधक बनाकर जानलेवा हमले के मामले में 17 नामजद व 50-60 अज्ञज्ञत वकीलों पर मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि युवक उनके चैंबर में पिस्टल लेकर आए और हमला किया। इस मामले में अधिवक्ता मिलने गए थे।

# दिव्यांगों की राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/लखनऊ।** जनसहभागिता फाउण्डेशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री को ज्ञापन सौंपकर दिव्यांगों के राजनीतिक हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने की मांग की। सोमवार को जनसहभागिता फाउण्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एम बिलाल मंसूरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में लिखा कि उनके अध्ययन में दिव्यांगों का पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक, मनोरंजन व राजनीतिक स्तर पर संतोषजनक समावेशन नहीं है। प्रमुख परिणाम में 85 प्रतिशत दिव्यांग किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपना हितैषी नहीं मानते हैं, 75 प्रतिशत दिव्यांग उस पार्टी को वोट देने के इच्छुक हैं जो पार्टी दिव्यांग को प्रत्याशी बनाएगी, 95 प्रतिशत प्रतिभागी दिव्यांगों को राजनीतिक आरक्षण दिए जाने के प्रबल समर्थक हैं। पत्र में लिखा कि दिव्यांगो का राजनीतिक समावेशन समाज के अन्य स्तरों पर भी समावेशन का आधार बन सकता है। नीति निर्माण की प्रक्रियाओं में, और दिव्यांगो के सुझावों को महत्व मिलना चाहिए। तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राजस्थान राज्यों में दिव्यांगों को नगर निकायों में नामित करके दिव्यांगो के राजनीतिक समावेशन की पहल शुरू हो चुकी है। पत्र में मांग की गई कि यूथ पार्लियामेंट में विशेष प्रावधान देकर सदस्य बनाएं जाएं, नगर निकायों में दिव्यांगो को नामित किया जाए, पार्टी की ओर से ग्राम पंचायत और नगर निकायों में दिव्यांगो प्रत्याशी भी उतारे जाएं, विभिन्न स्तरों पर होने वाली राजनीतिक सभाओं में दिव्यांगों के अनुरूप सुगमय सुविधा देकर दिव्यांगों की सहभागिता सुनिश्चित करके उत्तर प्रदेश में भी दिव्यांगों के राजनीतिक समावेशन की पहल शुरू की जानी है। बिलाल मंसूरी ने अपने द्वारा सर्वेक्षण करके तैयार की रिपोर्ट भी सौंपी। रएम बिलाल मंसूरी ने कहा कि जब तक संसद और विधानसभा में दिव्यांगों को समानता और बराबरी की भागीदारी नहीं मिलेगी तब तक समाज के अन्य स्थानों पर समानता निरर्थक है। राजनीतिक समावेशन से दिव्यांग समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे तथा सामाजिक और आर्थिक रूप से भी सशक्त होंगे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्री नरेंद्र कश्यप ने इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में नागेश कुमार, प्रवल यादव, प्रिया श्रीवास्तव, साधना मिश्रा मौजूद थे।



## बैठक में भाजपाइयों ने की चुनाव पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को दौराला मंडल के शक्ति केंद्र दौराला पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक संपन्न की। बैठक में बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, मन की बात, आगामी चुनावों पर चर्चा की भाजपा सरकार की संगठनात्मक कार्यशैली को और मजबूत ढंग से बनाने के लिए बैठक की। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का नारा दिया। यूथ मजबूत बहुत मजबूत साथ रहे राहुल चौधरी ढढरा, शक्ति केंद्र संयोजक प्रशांत अहलावत, बूथ अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र अहलावत, बूथ अध्यक्ष सचिन उपाध्याय, बूथ अध्यक्ष संजय नामदेव, बूथ अध्यक्ष राकेश गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अक्षय गुप्ता, मनोज अहलावत, उदय चौधरी, मिंटू कश्यप, विवेक सेन,संगम अहलावत, सोनू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# बिजली संकट पर आप का प्रदर्शन, नेता बोले सरकार दे रही 'लालटेन काल'




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीषण गर्मी में 15-16 घंटे की बिजली कटौती और फर्जी बिलों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कमिश्नरी पार्क से हाथों में बीजने लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

अंकुश चौधरी ने कहा कि मेरठ समेत पूरे प्रदेश में बिजली संकट से जनता त्राहिमाम कर रही है। कटौती के कारण बच्चों की पढ़ाई, पानी की आपूर्ति और छोटे व्यापार ठप हैं। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल रही, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने बाराबंकी के झांसा गांव में हुए हादसे का जिक्र किया। बिजली न होने से घर के बाहर सो रहे परिवार को कंटेनर ने कुचल दिया। पिता और तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। चौधरी ने इसे योगी सरकार की किल व्यवस्था का नतीजा बताया और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। आप ने स्मार्ट मीटर को 'स्मार्ट चीटर' योजना करार दिया। आरोप लगाया कि निजी कंपनियों की मिलीभगत से फर्जी रीडिंग हो रही है। 1500 का बिल 6-7 हजार तक आ रहा है। पार्टी के आंदोलन के बाद सरकार को योजना वापस लेनी पड़ी। ज्ञापन में मांग की गई कि कटौती तुरंत रोकी जाए, फर्जी बिलिंग पर कार्रवाई हो, किसानों को पूरी बिजली मिले और बिजली दरें न बढ़ाई जाएं। चौधरी ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो बड़ा जन आंदोलन होगा। प्रदर्शन में भरत लाल यादव, सलीम मंसूरी, भूपेंद्र चौधरी, नीलम शर्मा, फुरकान त्यागी, वैभव मलिक समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जेएसएचएल मदरसा पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित, अक्षा बाबू ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सिवालखास स्थित जेएसएचएल मदरसा पब्लिक स्कूल का रविवार को परीक्षा फल घोषित हुआ। इस दौरान विभिन्न क्लास में उत्तीर्ण हुई छात्राएं जेनब व अलीना को मोमेंटम देकर सम्मानित किया। अक्षा बाबू के मदरसा स्कूल टॉप करने पर सम्मान समारोह का आयोजन भी किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य फिरदौस जहां, मुफ्ती नसीम, हाफिज जागीर कय्यूम पटवारी, अनीस बाबू, अफसार चौहान, जमील अल्वी, सोनू हजारी, राशिद शाह, मेराज मौजूद रहे।

# आसपा नेता बदर अली ने किया सरेंडर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फैज आम इंटर कॉलेज के सरकारी कैम्पस में अवैधानिक तरीके से रह रहे बदर अली व उसके परिवार के विरुद्ध शिकायत बाजी के चलते एरा निवासी शमीम चौधरी के साथ हुई मारपीट के मामले में शमीम चौधरी ने बदर अली व उसके भाई शादाब अली पार्षद शमशाद और दानिश सैफी सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ थाना देहलीगेट में मुकदम मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बदर अली सहित दानिश सैफी व शादाब अली और वकार चौधरी के खिलाफ चार्जशीट लगाई थी। चार्जशीट के खिलाफ बदर अली ने हाईकोर्ट में रिट डाली थी जिसे हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया था। शमीम चोधरी का आरोप रहा कि याचिका निरस्त होने बावजूद भी कुछ नहीं हो रहा था और आरोपी कोर्ट में हाजिर भी नहीं हो रहा था। उसके बाद मेरठ की स्पेशल सीजेएम कोर्ट ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किए। पुलिस की धरपकड़ से पहले ही बदर अली ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। शमीम चौधरी का कहना है कि मामले में बदर अली को हाईकोर्ट तक से झटका मिला है। पुलिस द्वारा काटे गए सभी नामों को मुकदमे में वापस कराकर बदर अली सहित सबको जल्द से जल्द सजा कराई जाएगी। गौरतलब है कि बदर अली के विरुद्ध गैंगस्टर सहित दंगा, बलवा, हत्या का प्रयास, रंगदारी, गबन व धोखाधड़ी के लगभग 22 मुकदमे दर्ज हैं और थाना देहलीगेट का हिस्ट्रीशीटर भी हैं। फिलहाल बदर अली को जमानत मिल गई है जबकि शादाब अली व दानिश सैफी और वकार चौधरी वांछित हैं। आपको बता दें कि बदर अली नगीना सांसद की पार्टी आसपा के टिकट पर शहर विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

## अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्ति शादी अनुदान योजनान्तर्गत करें आनलाईन आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश रॉय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत पात्र आवेदकों को 20,000 रु. का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। शादी अनुदान हेतु आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात् तक जाकर किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद मेरठ के अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु वर्तमान में कुल 198 लाभार्थियों का बजट प्राप्त है। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है, शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदक की आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए। एक आवेदक अधिकतम दो पुत्रियों की शादी अनुदान हेतु आवेदन कर सकता है।

# शाहजहांपुर ईदगाह में बनेगा वजू खाना, चेयरमैन वसीउर्रहमान ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत शाहजहांपुर स्थित ईदगाह में नमाजियों को लंबे समय से वजू खाने की कमी खल रही थी। नमाज से पहले वजू के लिए लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष वसी खान ने सोमवार को वजू खाने के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अध्यक्ष वसीर्रहमान खान ने सबसे पहले ईंट रखकर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ईदगाह में आने वाले नमाजियों की सुविधा उनकी प्राथमिकता है। वजू खाने के बन जाने से यहां इबादत करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा, मेरा एक ही मकसद है कि नगर पंचायत के माध्यम से कस्बे का चौतरफा विकास हो। हम बिना किसी भेदभाव के हर वार्ड, हर समाज के लिए काम कर रहे हैं। वसी खान ने बताया कि कस्बे में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था से लेकर साफ-सफाई तक हर क्षेत्र में काम हुआ है। ऐसे बड़े-बड़े विकास कार्य पहले कभी नहीं हुए। ईदगाह में वजू खाने का निर्माण भी इसी कड़ी का हिस्सा है। स्थानीय लोगों और नमाजियों ने अध्यक्ष के इस कदम की सराहना की। लोगों का कहना है कि वसी खान के कार्यकाल में कस्बे की तस्वीर बदली है। वह जमीनी स्तर पर जनता से जुड़कर उनकी समस्याएं सुनते हैं और तत्काल समाधान कराते हैं। उनके नेतृत्व में नगर पंचायत शाहजहांपुर विकास के नए आयाम छू रहा है। इस अवसर पर सभासदगण और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने अध्यक्ष के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विकास कार्यों में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## गर्मी से बचने के लिए लोग ले रहे रजवाहे का सहारा, जानी पुलिस ने दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे लोग गंग नहर रजवाहे का सहारा लेकर गर्मी से निजात पा रहे हैं। उधर जानी थाना पुलिस ने भी नहाने वालों को कड़े निर्देश दिए। पुलिस ने कहा कि शराब पीकर अगर किसी ने भी हुड़दंग मचाया तो कार्रवाई की जायेगी। अक्सर देखा जाता है भोला झाल नहाने के लिए सैलानियों का हुजूम उमड़ जाता है। अक्सर देखा जाता है कि शराब पीकर स्टंटबाजी करते हैं और अपनी जान जोखिम में डालते हैं। सोमवार को गंगा दशहरा पर भोला झाल स्थित सभी घाटों पर भीड़ जुट गई। वहीं भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ सभी घाटों पर पुलिस पिकेट लगा दी और मनचलों और शराब पीने वालों को सख्त निर्देश दिए कि अगर किसी ने भी हुड़दंग मचाया तो कारवाई की जायेगी।

# मैक्स हॉस्पिटल में कैंसर इलाज की क्या है हकीकत?

## दावों से दूर इलाज का सच, आम आदमी से बाहर अस्पतालों का महंगा बिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस से को लेकर मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. सौरभ कुमार अरोड़ा ने तंबा. कू से होने वाले कैंसर पर जागरूकता फैलाई और बड़े-बड़े दावे किए की मैक्स हॉस्पिटल कैंसर का इलाज बड़े आसानी से करता है वह भी बेहद सस्ते दाम में लेकिन दावों की हकीकत और जमीनी हकीकत में बड़ा फर्क देखने को मिलता है। मरीज को बड़े-बड़े सपने दिखा कर अस्पताल तक तो बुला लिया जाता है लेकिन अस्पताल में कितना खर्चा होगा यह उसे बाद में पता चलता है और यह हकीकत तब सामने आती है जब वह कंगाली की तरफ बढ़ चुका होता है। हालांकि यह बात हम केवल मैक्स हॉस्पिटल की नहीं कर रहे हैं अधिकतर कैंसर हॉस्पिटल में मरीज को एटीएम मशीन समझा जाता है। अंदाजा लगाया जाता है कि जैसा मैरिज वैसा पैसा ही उससे निकालना है यहां पर इलाज के नाम पर समानांता नहीं बल्कि मोटी जेब देखी जाती है।

### दावे और आंकड़े: कितने मरीज ठीक हुए

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर खुद को 'समग्र ऑन्कोलॉजी प्रोग्राम' और 90 से ज्यादा ऑन्कोलॉजिस्ट वाली सुविधा बताता है। अस्पताल के लोगों का दावा है कि वह प्रिसिजन और ऑन्कोलॉजी का पायनियर है लेकिन 'सफलता दर' का कोई एक सार्वजनिक आंकड़ा अस्पताल द्वारा नहीं बताया जाता। एक स्वतंत्र रिसर्च में मैक्स हॉस्पिटल, साकेत में स्टेज-4 फेफड़े के कैंसर के 85 मरीजों पर स्टडी की गई। इसमें बीमारी बिना बढ़े रहने का समय 10. 56 महीने था और एक साल में जीवित रहने की दर 58.3 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा सिर्फ एक प्रकार के कैंसर और एक सेंटर का है। पूरे अस्पताल नेटवर्क के लिए कुल कितने कैंसर मरीज ठीक हुए इसका कोई समेकित डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराते हैं। बस कुछ चुनिंदा लोगों को बुलाकर मीडिया के सामने यह कहलवाने का एक रिवाज बन गया है कि हमारा इलाज बहुत बेहतर हुआ है और डॉक्टरों का दवा रहता है कि हम सब कुछ सम्भाल सकते है जबकि हकीकत कुछ और ही है।

### कम खर्च बताकर महंगा इलाज

मैक्स खुद मानता है कि कैंसर इलाज की लागत 'कैंसर के प्रकार, स्टेज, इलाज के तरीके और अवधि' पर निर्भर करती है और हर केस में यह अलग होती है। बाजार में उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि प्राइवेट कॉरपोरेट अस्पतालों में इलाज महंगा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मैक्स जैसे कॉरपोरेट अस्पतालों में लागत लगातार बढ़ रही है यहां आधुनिक के नाम पर भी मरीज से अच्छा खासा पैसा वसूला जाता है। अधिकतर अस्पतालों में कैंसर का बहुत कम खर्च बताया जाता है लेकिन जब मरीज भर्ती हो जाता है तो दुनिया भर के अलग-अलग चार्ज लगाकर मरीज से मोटा पैसा वसूला जाता है जिसका अंदाजा मरीज को बाद में लगता है और इस तरीके से एक आम आदमी के बजट से बहुत दूर इन अस्पतालों का बिल हो जाता है। कुल मिलाकर हम यह कह सकते हैं कि मैक्स जैसे अस्पताल अभी भी बहुत महंगे हैं अगर वह पारदर्शिता और अपने महंगे बिल को कम करें तो आम आदमी को भी कैंसर का सस्ता इलाज मिल सकता है और इस चीज को लेकर सरकार भी जद्दोज. हद कर रही है कि एक आम आदमी के बजट में कैंसर का इलाज संभव हो सके।

**लावड़ अग्निकांड**

## पूर्व विधायक संगीत सोम ने पीड़ित परिवार को नगद धनराशि देकर की मदद



**एक दुधारू गाय देने का भी दिया आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में दो दिन पूर्व मनोज प्रजापति के छप्पर व झोपड़ी में आग लग गई थी जिसमें तीन पशुओं की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि वहां रखा हजारों का सामान भी जलकर राख हो गया था। मनोज के परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट गया क्योंकि वह मजदूरी कर व पशुओं का दूध बेचकर ही अपने परिवार का गुजारा कर रहा था। इस दुखद घटना के बाद मनोज के घर राजनीतिक, समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों का आना शुरू हो गया। सभी अपनी अपनी ओर से नगद धनराशि देकर मनोज की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को सरधना से पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम पीड़ित के घर पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही उन्होंने 15 हजार रुपए की नगद धनराशि देते हुए एक दुधारू गाय देने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सैनी, यादराम जाटव, मनोहर सैनी, अंशुल गुप्ता, ऋतिक सैनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जीटी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में RCB पर होगा खिताब को बचाने का दबाव

■ आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है

**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) पर खिताब बचाने का दबाव के साथ गुजरात टाइटन्स (जीटी) से मंगलवार रात क्वालिफायर 1 में भिड़ेंगी। आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है।

यह वापसी की राह का एक सिलसिला है जो पिछले सीजन में उनके खिताब जीतने के साथ शुरू हुआ था और अब इसे बचाने के दबाव तक पहुंच गया है। लीग स्टेज को टॉपप पर खत्म करने से उन्हें मोमेंटम मिला है, लेकिन इसने उनकी पीठ पर एक निशाना भी लगा दिया है। उनके अभियान



के दिल में विराट कोहली की कंसिस्टेंसी, फिल सॉल्ट का एग्रेशन और रजत पाटीदार की स्थिर मौजूदगी की जानी-पहचानी रीढ़ बनी हुई है। जब यह तिकड़ी शुरू में ही आक्रामक बल्लेबाजी करती है, तो आरसीबी अजेय लगती है, अक्सर पावरप्ले की शुरुआत को आसानी से 200 के पार के स्कोर में बदल देती है। फिर भी, उनके सामने चुनौती सिर्फ फॉर्म नहीं, बल्कि स्ट्रक्चर है। वहीं दूसरी ओर, गुजरात कंट्रोल और एक्यूरेसी पर बनी एक अलग पहचान के साथ आता है। वे सीजन की शुरुआत में ही आरस.ीबी को हरा चुके हैं, जिससे पता चलता है कि अनुशासन वाले दबाव में मजबूत बैटिंग लाइनअप भी कितनी जल्दी बिखर सकते हैं। कगिसो रबाडा की जबरदस्त पेस, मोहम्मद सिराज की एक्यूरेसी और राशिद खान के दम घोंटने वाले बीच के ओवरों की लीडरशिप में उनका बॉलिंग अटैक एक ऐसे सिस्टम की तरह काम करता है जो रिदम का पीछा करने के बजाय उसे तोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मुकाबले की सबसे दिलचस्प कहानी इन दो सोच का टकराव है। आरसीबी का तरीका मोमेंटम पर बना है, तेजी से रन बनाना, आक्रामक इरादा और पावरप्ले में दबदबा। गुजरात धैर्य, स्ट्रक्चर और इस विश्वास के साथ जवाब देता है कि रन नहीं, विकेट हाई-प्रेशर वाले मैचों का फैसला करते हैं। धर्मशाला इस समीकरण में एक और परत जोड़ता है। इस जगह ने इस सीजन में लगातार बड़े टोटल बनाए हैं, जिसमें पहली पारी का स्कोर कई बार 200 के पार गया है। आरसीबी के लिए, रबाडा और सिराज के शुरुआती झटकों से बचना जरूरी है। अगर कोहली या साल्ट जल्दी आउट हो जाते हैं, तो मध्यम क्रम को राशिद खान के कंट्रोल के खिलाफ रिकवरी मोड में जाना होगा, एक ऐसा दौर जहां गुजरात ने हमेशा मैचों को इतना कड़ा कर दिया है कि सुधारा नहीं जा सकता। गुजरात टाइटंस के लिए, समीकरण जितना आसान है लेकिन उतना ही मुश्किल भी , शुरुआती पार्टनरशिप को जल्दी तोड़ो और आसीबी को दबाव में फिर से बनाने के लिए मजबूर करो। इस क्वालिफायर को जो बात खास तौर पर दिलचस्प बनाती है, वह है पक्का और अनचाहा के बीच का बैलेंस। कागज पर, दोनों टीमें बराबरी की लगती हैं, और लीग स्टेज को एक जैसे रिकॉर्ड के साथ खत्म किया है।

## आईपीएल फैन पार्क्स 2026 प्लेऑफ फेज पांच शहरों में होगा: BCCI



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को पांच राज्यों के पांच शहरों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फैन पार्क्स 2026 - प्लेऑफ फेज के कार्यकम की घोणा की फैन पार्क्स 29 और 31 मई को होस्ट किए जाएंगे, जिससे अलग-अलग इलाकों के फैंस आईपीएल सीजन के रोमांचक समापन का अनुभव एक शानदार और कार्निवल जैसे माहौल में कर सकेंगे। प्लेऑफ फेज के लिए आईपीएल फैन पार्क ग्वालियर, मध्य प्रदेश), गाजीपुर (उत्तर प्रदेश), मंगलुरु (कर्नाटक), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा) में होंगे। हर फैन पार्क में आईपीएल 2026 प्लेऑफ मैचों की लाइव स्क्रीनिग होगी, साथ ही म्यूजिक, एंटरटेनमेंट, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के जोन, और इंटरैक्टिव फैन एंगेजमेंट एक्टिविटीज जैसे वर्चुअल बैटिंग जोन, बॉलिंग नेट, फेस पेंटिंग, और फैन के पसंदीदा गेम जैसे पिच परफेक्ट, गेम ऑफ थ्रोज और डोंट मिस द बॉल जैसे कई दिलचस्प ऑन-ग्राउंड अनुभव होंगे।

## एम्मा राडुकानू फ्रेंच ओपन के पहले राउंड में हारी

**पेरिस, वार्ता।** अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा के खिलाफ पहले राउंड के मुकाबले में हार के साथ एम्मा राडुकानू का फ्रेंच ओपन में अभियान समाप्त हो गया। मात्र 25 मिनट तक चले निराशाजनक पहले सेट में एक भी गेम जीतने में नाकाम रहने के बाद, ब्रिटिश नम्बर एक खिलाड़ी ने दूसरे सेट में डबल-ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। दुनिया की 68वें नम्बर की सिएरा ने वापसी करते हुए राडुकानू पर 6.0, 7-6 (7.4) से जीत दर्ज की। राडुकानू ने 15 अनफोर्स्ड एरर किए और कोई विनर नहीं बनाया, जबकि सिएरा ने दो बार और ब्रेक करके पहला सेट 'बैगल' जीत लिया। निराश राडुकानू ने दूसरे सेट के लिए लौटने से पहले कोर्ट से कुछ समय निक.ाला, और हालांकि वह शुरुआत में ही एक गेम जीतने में कामयाब रहीं, लेकिन सिएरा के लिए सब कुछ आसान रहा, जिन्होंने कई जोरदार फोरहैंड विनर लगाकर 4-1 की बढ़त बना ली।

## खेल विशेष

### मानुष ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस में युगल का खिताब जीता

**अबुजा, वार्ता।** भारत के मानुष शाह ने नाइजीरिया में खत्म हुए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस 2026 में मिश्रित और पुरु युगल दोनों के खिताब जीते। मानुष शाह और दिया चिंताले की जोड़ी ने शनिवार को मिश्रित युगल का खिताब जीता। उन्होंने 28 मिनट तक चले फाइनल में लियो डी नोडरेस्ट और केमिली लुट्ज की फ्रेंच जोड़ी को 3-0 (11-8, 14-12, 11-8) से हराया। टॉपप सीडेड भारतीय जोड़ी ने जापान के काजुहिरो योशिमुरा और रीना एसो पर 3-1 की क्वार्टर-फाइनल जीत के दौरान टेबल टेनिस टूर्नामेंट में सिर्फ एक गेम गंवाया। रविवार को, मानु शाह और मानव ठक्कर ने फाइनल में रोमानिया के इयूलियन चिरिटा और आंद्रेई इस्ट्रेट को 3-0 (11-7, 12-10, 11-4) से हराकर पुरु युगल का खिताब जीता। भारत खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अपने चार मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया। लागोस में, मानु शाह ने पुरु एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन बाहर हो गए। दीया चितले और ओलंपियन अयहिका मुखर्जी विमेंस सिगल्स में क्वार्टर-फाइनलिस्ट रहीं, जबकि मनिका बत्रा दूसरे राउंड में बाहर हो गईं। महिला युगल में, दीया चितले-यशस्विनी घोरपड़े और सुतीर्था मुखर्जी-अयहिका मुखर्जी सेमीफाइनल में पहुंचीं। मनिका बत्रा, महिला युगल में सिड्रेला दास और मिश्रित युगल में मानव ठक्कर के साथ, दोनों इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

### ओलंपियाकोस ने मैड्रिड को हराकर यूरोलीग 2026 का खिताब जीता

**एथेंस, (रोम), वार्ता।** ओलंपियाकोस पिरियस ने रियल मैड्रिड को 92-85 से हराकर यहां यूरोलीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। उसने 13 साल बाद चौथी बार यूरोपियन खिताब जीता। रविवार को टेलीकॉम सेंटर एथेंस में घरेलू दर्शकों के सामने, पिरियस के पोर्ट की ग्रीक टीम ने यूरोलीग फाइनल फोर के चैंपियनशिप गेम में अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी को हरा दिया, जो 19 साल में पहली बार ग्रीक राजधानी में हुआ था। ग्रीक टीम ने गेम में अच्छी फॉर्म में शुरुआत की, हाफटाइम ब्रेक तक 46-44 की मामूली बढ़त बना ली थी। चौथा क्वार्टर कांटे का था, लेकिन रेड्स ने आखिरी मिनटों में लॉस ब्लैंकोस को हरा दिया। ओलंपियाकोस के लिए इवान फोरनियर ने सबसे ज्यादा 20 पॉइंट बनाए, उनके बाद एलेक पीटर्स ने 16 पॉइंट बनाए। साशा वेजेनकोव ने 12 पॉइंट बनाए और थॉमस वॉकअप ने 10 पॉइंट जोड़े। रियल मैड्रिड के ट्रे लाइल्स ने 24 पॉइंट बनाकर सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि मारियो हेजोन्जा ने 19 पॉइंट और एंड्रेस फेलिज ने 13 पॉइंट जोड़े। ओलंपियाकोस शुक्रवार को सेमीफाइनल में तुर्की के फेनरबाचे को हराकर फाइनल में पहुंच था।

## गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर्पल कैप दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंचे

**मुम्बई, वार्ता।** इंडिनयन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का लीग चरण समाप्त हो चुका है और राजस्थान रॉयल्स (आआर) के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने मुम्बई इंडियन के खिलाफ तीन विकेट झटके और अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया। इसके साथ ही वह पर्पप कैप तालिका में भी तीसरे नम्बर पर पहुंच गए। इस मुकाबले में आरआर के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में केवल 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मुम्बई इंडियंस को बड़े झटके दिए।



आर्चर ने पावरप्ले में रोहित शर्मा और नमन धीर को तो वहीं 16वें ओवर में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस प्रदर्शन के साथ ही आर्चर ने चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज, गुजरात टाइटंस के राशिद खान और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। फिलहाल वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के भुवनेश्वर कुमार और के कगिसो रबाडा से ही पीछे हैं। इन दोनों के नाम 24 तो वहीं आर्चर के नाम 21 विकेट हैं। ऑरेंज कैप तालिका में रविवार को खेले गए दो मैचों में तीन ऐसी टीमें थीं जिनमें व्यक्तिगत रूप से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की कमी थी, लेकिन वैभव सूर्यवंशी जरूर एक्शन में थे।

## कोच के साथ काम करने पर शानदार गेंदबाजी कर पाया: कुलदीप यादव

■ पिछले मैच के बाद अपने होमटाउन गया था और वहां अपने कोच के साथ काम किया

**कोलकाता, वार्ता।** स्पिन गेंदबाज कुलद.ीप यादव ने कहा कि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन अच्छा नहीं रहा, मैं पिछले मैच के बाद घर लौटा और अपने कोच के साथ उन भूले हुए एरिया काम किया जिसमें काम करने की जरुरत थी और इस मैच में शानदार गेंदबाजी कर पाया।

केकेआर के खिलाफ रविवार को मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने कुलदीप ने कहा कि मैच से पहले मैं उतना खुश नहीं था, क्योंकि हम एक टीम के तौर पर जिस तरह से फिनिश करना चाहते थे, उस तरह से फिनिश नहीं कर पाए। मेरा सीजन भी उतना अच्छा नहीं गया था। मुझे अपने आपसे काफी अधिक उम्मीद थी, लेकिन मैं वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाया। कुलदीप ने बताया कि टीम के पिछले



मैच के बाद वह अपने होमटाउन गए थे और वहां अपने कोच के साथ काम किया। वह अपनी लय वापस पाना चाहते थे और उन्होंने एक अभ्यास मैच भी खेला था। इस मूव का लाभ उन्हें अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी और पुराने घरेलू मैदान पर देखने को मिला। उन्होंने कहा, पिछले मैच के बाद मैं अपने घर चला गया था और अपने कोच के साथ उन एरिया में काम किया जिसमें करने की जरूरत थी और वहां मैंने एक मैच भी खेला। कुछ छोटी चीजें होती हैं जिन्हें आप बहुत जल्दी भूल जाते हैं खास तौर से सफेद गेंद की क्रिकेट में। वहां जाकर उन चीजों पर काम करना और फिर वापस आकर यहां इस तरह की गेंदबाजी करना शानदार है। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने कोच से बात की तो उन्होंने सीधे बोला कि तुम्हें गेंद को स्पिन कराना होगा, बल्लेबाज को चकमा देना होगा। मैं जानता हूं कि बल्लेबाज तुम्हारे खिलाफ आक्रामक हो रहे हैं, लेकिन जब तुम गेंद को स्पिन कराते हो तो तुम्हारे पास उन्हें आउट करने का मौका होता है। पिछले कुछ मैचों में मैं अपने पूरे शरीर का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। मुझे लगता है कि मैंने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अपने रनअप या लय में आप कुछ चीजें भूल जाते हैं जिससे आपके खेल पर असर पड़ता है। टूर्नामेंट के दौरान वह किन चीजो में कमजोर पड़े इसके बारे में कुलदीप ने कहा, मैं थोड़ा ओपन चेस्ट से गेंदबाजी कर रहा था।

## फीफा विश्वकप 2026 से पहले मेसी के पैर में लगी चोट

**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना के शुरुआती मैच से तीन सप्ताह पहले, मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ इंटर मियामी के मैच में पैर में चोट लग गई।

रविवार को खेले गए मुकाबले के 73वें मिनट में मेसी अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए मैदान से चले गए। उतारने की रिक्वेस्ट करने के बाद, 38 साल के मेसी को सामान्य तरीके से चलते हुए देखा गया जब वह टनल से होते हुए लॉकर रूम में गए। यह मेसी का इंटर मियामी के लिए आखिरी एमएलएस गेम था,

इससे पहले कि वह अर्जेंटीना में शामिल हों, जो 16 जून को ग्रुप जे के मुकाबले में अल्जीरिया का सामना करते हुए अपने विश्व.कप खिताब के बचाव की शुरुआत करेंगे। इंटर मियामी के कोच गुइलेर्मो होयोस, जिनकी टीम ने 6-4 से जीत हासिल की, ने मैच के बाद कहा कि रिकॉर्ड आठ बार के बैलन डी'ओर



विजेता को एहतियात के तौर पर फ्लोरिडा के मियामी में बारिश वाली रात में गीली पिच से हटा दिया गया था। होयोस ने कहा, जहां तक मुझे पता है, हमारे पास अभी तक इस पर मेडिकल रिपोर्ट नहीं है, लेकिन वह सच में थके हुए थे। वह थके हुए थे, पिच भारी थी और जब शक हो, तो हमेशा यही तरीका होता है कि आप कोई रिस्क न लें।

## जियोवानी को हराकर नोवाक फ्रेंच ओपन के अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोको.विच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के पहले दौर में फांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड को ?5-7, 7-5, 6-1, 6-4? से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती दो सेटों में फॉर्म और लय से जूझने के बाद, अपनी अनुभवी खेल शैली से पेरीकार्ड की तूफानी सर्विस का तोड़ निकाला और अगले तीन सेट आसानी से जीत लिया।

जोकोविच ने इस वां अब तक 11 एकल मुकाबले खेले है। दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना बुधवार को फ्रांच के टेनिस खिलाड़ी वैलेंटिन रॉयर से होगा। मैच के बाद कोर्ट पर जो.कोविच ने फ्रेंच में कहा, जियोवानी को बधाई।

मैंने उनके साथ पहली बार खेला और यह देखना लगभग नामुमकिन है कि वह कहां सर्व करेंगे। यह कुछ ऐसा है जैसा मैंने अपने करियर में शायद एक या दो बार देखा है, रेली ओपेल्का या इवो कार्लोविक के साथ। ऐसे मैच में, आपको फोकस रखना होता है और मौके का इंतजार करना होता है। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन आखिर में, मुझे सही समय पर अपना बेस्ट टेनिस और बेस्ट रिटर्न गेम मिला।

## पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने मुंबई इंडियंस का मैच आनंद उठाया

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने आनंद उठाया। आईपीएल के इस मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चे अपने 'हियरिंग बडीज' के साथ मैच देखने पहुंचे। इसके अलावा 200 से ज्यादा विशो रूप से सक्षम बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बने। बच्चे मुंबई के अलावा सतारा, नासिक, इगतपुरी और दूर-दराज के कई इलाकों से आए थे। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम- अंबानी ने कहा कि बच्चों की खुशी और उत्साह इस दिन को खास बना देता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन एंड स्पोट्र्स फॉर ऑल (ईएसए) की शुरुआत 16 साल पहले हुई थी।

## कमिंस, स्टार्क व हेजलवुड की स्टार तिगड़ी वनडे विश्वकप 2027 की करेगी तैयारी: मैकडोनाल्ड

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि फिटनेस और वर्कलोड की चिंताओं के बावजूद, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की स्टार तिगड़ी पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं है ए तीनों आगामी एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए तैयारी करेंगे।

मैकडोनाल्ड ने कहा कि ए तीनों ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान और बंगलादेश के सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं हैं। ए तीनों दोनों सीरीज खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट-व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम करने के लिए कहा गया था। और जबकि टेस्ट खेलना टॉपप प्रायोरिटी है, ऑस्ट्रेलिया प्रबंधन को उम्मीद है कि ए तीनों वर्ल्ड कप के लिए टॉपप शेप में रह सकते हैं, जो अक्टूबर-नवम्बर 2027 में साउथ अफ्रीका में होना है। मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग आस-पास के गेम देखते हैं



और सोचते हैं, 'अच्छा, वे वहां क्यों नहीं खेल रहे हैं।लेकिन अगर आप असल में 2027 से पीछे की ओर देखें और देखें कि हमारे पास आगे क्या है, तो यह आखिरी बड़ा ब्रेक है जिसमें हम उनके शरीर में इन्वेस्ट करेंगे ताकि वे 2027 तक पूरी तरह से तैयार हो सकें। हम प्लान कर रहे हैं कि वे 2027 तक वहां पहुंच जाएं। मैकडॉनल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें वहां पहुंचाने के लिए हम जो कर रहे हैं उस पर बहुत भरोसा होना चाहिए। यह एक बड़ी चुनौती होगी, खासकर हमारी शानदार (स्पोट्र्स साइंस और मेडिकल) टीम के लिए, उन्होंने काफी समय से बहुत अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि यह लगभग एक गलतफहमी है कि खिलाड़ी खुद ही चुनते हैं कि उन्हें कहां खेलना है और कौन सी सीरीज खेलनी है। ए फैसले शेड्यूल में क्या आने वाला है, इसके मैनेजमेंट के हिंसाब से लिए जाते हैं, और वे इसे नहीं चुनते। हम उनके साथ इस पर काम करते हैं, वे खिलाड़ी खेलना चाहते हैं। हमें नहीं लगता कि यह उनके खेलने का सबसे अच्छा समय है। भारत की सीनियर पुरु राट्रीय टीम यूनिटी कप 2026 के लिए लंदन पहुंची लंदन। भारत की 17 सदस्ईय सीनियर पुरुष राट्रीष्य फुटबॉल टीम इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होने वाले यूनिटी कप 2026 में हिस्सा लेने यहां पहुंच गई। भारतीय टीम रविवार सुबह बेंगलुरु से इंग्लैंड की राजधानी के लिए रवाना हुई थी। वां 2002 के बाद इंग्लैंड में भारत का पहला मैच होगा।

## यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में सोमवार को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉपस जीतने के बाद, यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) की मदद से 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन बनाए। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के बॉलर पियाश चिकारा ने 20 रन देकर 3 विकेट, दीप ठाकुर ने 32 रन देकर 3 विकेट और मयंक रावत ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने तनुज पंवार 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार 21(18) नॉट आउट की शानदार पारियों की मदद से 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन बनाए और मैच 7 विकेट से जीत लिया।

स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, राहुल राठी ने 41 रन देकर 2 और हार्दिक शर्मा ने 26 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब - 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन ( विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन ( तनुज पंवार - 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार - 21(18) नॉट आउट) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - तनुज पंवार (फ्रेंड्स) - 114(56) को दिया गया जबकि स्पोर्ट सन फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार - विकास सोलंकी (स्पोर्टिंग) - 63(62) को मिला। अगला मैच मंगलवार को एसआरके टेक्नोलॉजी ग्प क्रिकेट क्लब और यॉर्क क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। मिन्हाजुल का चटगांव से निर्विरोध बीसीबी डायरेक्टर बनना तय चटगांव। राट्रीय टीम के पूर्व कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन आगामी चुनाव में कैटेगरी 1 से बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के डायरेक्टर बनने वाले हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को नाम वापस लेने के बाद उम्मीदवारों की आखिरी सूची जारी कर दी है। मिन्हाजुल ने अपने खेल करियर में बंगलादेश का प्रतिनिधित्व किया, संन्यास के बाद बीसीबी में शामिल हुए और कई पदों पर काम किया। उन्होंने चयन पैनल में एक दशक से ज्यादा समय बिताया, शुरुआत में एक सिलेक्टर के तौर पर और फिर चीफ सिलेक्टर का पद संभाला। वह मौजूदा एड-हॉक कमेटी के भी सदस्य हैं। बीसीबी चुनाव आयोग की ओर से जारी आखिरी सूची से इस बात की पुटि हो गई है कि शरीफुल इस्लाम के नाम वापस लेने के बाद मिन्हाजुल कैटेगरी 1 में चटगांव डिवीजन दो उम्मीदवार रह गए हैं।

# अब क्वाड पर नजर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्वभर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रूपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थाई समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।

# ईद-उल-अज़हा बलिदान की पुरानी परंपरा





शाहवेज़ खान

जो लोग कहते हैं इस्लाम 1400 साल पहले ही आया है उनके लिए इस्लाम धर्म के दूसरे सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-अजहा,को जानना भी जरूरी है इस त्योहार को बकरीद भी कहते हैं इस्लाम धर्म मे कुर्बानी की यह परम्परा करीब 4000 साल से ज्यादा पुरानी हैं और यह इस्लाम धर्म के नबी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के इम्तिहान ,त्याग और अल्लाह यानी ईश्वर से अटूट विश्वास से जुड़ी है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अल्लाह के हुक्म के आगे सर झुकाने, त्याग और बलिदान का वह हिस्सा है जो दुनिया मे कही और देखने को नही मिलता। और इब्राहिम अलैहिस्सलाम के दौर से ही इस्लाम धर्म में कुर्बानी कि यह परंपरा 10 जिल हिजजा यानी ईद उल अजहा के समय में शुरू हुई ,हालांकि कुर्बानी की परंपरा दुनिया में इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत आदम अलैहिस्सलाम के समय से ही शुरू हो चुकी थी लेकिन उसका एक मुकर्रर वक्त नहीं था।

### इतिहास : हजरत इब्राहीम का इम्तिहान

कुरान-ए-पाक की सूरह अस-साफ्फात में इसका जिक्र है। हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को बुढ़ापे में बड़ी मन्नतों के बाद बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम हुए थे। जब इस्माईल थोड़े बड़े हुए, तो इब्राहीम को ख्वाब में हुक्म हुआ कि अपने सबसे प्यारी चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करे जिसे नबी इब्राहिम ने अपने बेटे के रूप में देखा। इसके बाद उन्होंने यह किस्सा अपनी बीवी को बताया जिस पर वह भी अल्लाह की राह में उन्हें कुर्बान करने के लिए राजी हो गई वही जब बेटे स्माइल को कुर्बान करने का वक्त आया तो इब्राहिम में अपना सारा वाकया बेटे को बताया इसके बाद वह भी खुद को कुर्बान करने के लिए राजी हो गए। लेकिन जब उन्हें कुर्बान किया जा रहा तो कई करिश्मा हुए इसके बाद वहां पर एक मेढे की कुर्बानी हुई। इसी वाकए की याद में हर साल जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख को दुनिया भर के मुसलमान कुर्बानी करते हैं और यह वाकया करीब 2000 ईसा पूर्व का माना जाता है। यानी यह परंपरा 4 हजार साल से भी पुरानी है।

### हज और कुर्बानी का रिश्ता

ईद-उल-अजहा हज के साथ जुड़ी है। हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल ने ही एक बार काबा की तामीर की थी। हज के दौरान मीना में जो शैतान को कंकर मारने की रस्म है, वो भी इसी किस्से से जुड़ी है। कहते हैं कि जब इब्राहीम बेटे को कुर्बान करने ले जा रहे थे, तो शैतान ने तीन बार बहकाने की कोशिश की। हर बार इब्राहीम ने कंकर मारकर उसे भगाया। 9 जिलहिज्जा को अरफात का दिन होता है, जब हाजी मैदान-ए-अरफात में दुआ करते हैं। 10 जिलहिज्जा को मीना में कुर्बानी देकर हाजी और पूरी दुनिया के मुसलमान ईद मनाते हैं।

### कुर्बानी का मकसद क्या है

कुरान कहता है- अल्लाह को न उनके गोश्त पहुंचते हैं न खून, बल्कि उसे तुम्हारा तकवा पहुंचता है यानी असल मकसद दिखावा नहीं, नीयत और अल्लाह से बेपनाह प्यार का रिश्ता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं- एक गरीबों के लिए, एक रिश्तेदारों-दोस्तों के लिए, और एक अपने घर के लिए। इससे समाज में बराबरी और भाईचारे का पैगाम जाता है।

### हजरत इब्राहीम से पहले

कुर्बानी का कॉन्सेप्ट नबी इब्राहीम से भी पुराना है। हजरत आदम के दो बेटे हाबिल और काबिल ने भी कुर्बानी पेश की थी। लेकिन ईद-उल-अजहा के रूप में, तारीख तय करके, हर साल मनाने का रिवाज हजरत इब्राहीम की सुन्नत से शुरू हुआ। हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मदीना आने के बाद इसे उम्मत के लिए जारी रखा।

### आज के दौर में ईद-उल-अज़हा

दुनिया के लगभग 200 करोड़ मुसलमान इस दिन नमाज पढ़ते हैं, कुर्बानी करते हैं और जरूरतमंदों को याद रखते हैं।

त्योहार का पैगाम साफ हैरू अल्लाह के हुक्म के सामने अपनी सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान कर देना, और अपनी कमाई में गरीबों का हक निकालना। और यह सब सिर्फ मजहबी नहीं है। यह भरोसे, सब्र, और बाप-बेटे की इताअत की मिसाल है की 4000 साल बाद भी यह त्योहार हमें यही सिखाता है कि असली कामयाबी अल्लाह की रजा में है त्याग में है और बलिदान में छुपी है।

## श्रीमुख से...

### अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा



उप्र में असहनीय महा विद्युत आपदा की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का कागजी कवच बना रहे हैं, यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई जन हित का पत्र नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए आवेदन पत्र है, हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं, इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं, कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस अफसर को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# बढ़ती गर्मी भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी



योगेश कुमार गोयल

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव ‪द्धलूक्ष‬ से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्राय: दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1।66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थाई विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

# भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना : प्रगति का नया अध्याय





ओ.पी. पाल

भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना देश के परिवहन इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। एक मायने में यह परियोजना महज ईंट, गारे, लोहे और कंक्रीट से ढांचा खड़ा करने की कहानी नहीं है। यह कहानी है नए भारत के उस ऊंचे कल्पनाशिल्प की, जो अब धीमी रफ्तार से संतुष्ट नहीं होना चाहता। यह परियोजना भारत की तकनीकी संप्रभुता, आर्थिक सुदृढ़ता और वैश्विक साख का प्रतीक यानी भारत के भविष्य की आधारशिला है। परियोजना में जमीन अधिग्रहण की बाधाओं, कोविड महामारी के थपेड़ों और लागत में वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों का सीना चीरकर जिस तरह आज वायाडक्ट्स और अंडर-सी टनल का काम अपनी अंतिम परिणति की ओर बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर वर्तमान प्रगति को लेकर यह कहा जा सकता है कि भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। क्योंकि साल 2026 में सूरत और बिलिमोरा के बीच होने वाला ट्रायल रन इस बात का उद्घोष होगा कि भारत अब बदल चुका है। जब 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यह ट्रेन भारत की धरती पर दौड़ेगी, तो वह केवल दो शहरों की दूरी को कम नहीं करेगी, बल्कि वह देश के करोड़ों युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान और असीम गति प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन का आना भारत के परिवहन इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जिसका असर आने वाली कई पीढ़ियां महसूस करेंगी।

भारत हमेशा से एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बैलगाड़ी और भाप के इंजनों से शुरू हुआ हमारा परिवहन का सफर आज वंदे भारत जैसी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों तक पहुंच चुका है। लेकिन, इक्कीसवीं सदी का भारत अब सिर्फ रफ्तार की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहता, बल्कि वह दुनिया के विकसित देशों के समकक्ष खड़े होकर हाई-स्पीड रेल युग का नेतृत्व करना चाहता है।

इस सपने को हकीकत में बदलने का ही नाम है-मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, जिसे आम बोलचाल में हम देश की पहली बुलेट ट्रेन कहते हैं। भारत में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की परिकल्पना लगभग एक दशक पहले की गई थी। साल 2015 में भारत और जापान के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। जापान, जो अपनी शिंकानसेन तकनीक के लिए दुनिया भर में मशहूर है और जिसने पिछले कई दशकों में शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड बनाए रखा है, इस परियोजना के लिए भारत का रणनीतिक साझेदार बना। सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अहमदाबाद में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी थी। जापान न केवल भारत को अपनी सबसे सुरक्षित और उन्नत तकनीक का हस्तांतरण कर रहा है, बल्कि बेहद मामूली ब्याज दर पर इस परियोजना के लिए एक बड़ा वित्तीय लोन भी उपलब्ध करा रहा है।

**स्टेशन, रूट और रफ्तार का गणित**

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। यह कॉरिडोर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इस ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वर्तमान में मुंबई से अहमदाबाद के बीच पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से यात्रा करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। बुलेट ट्रेन के पूरी तरह शुरू होने के बाद यह सफर सिमटकर महज दो से ढाई घंटे का रह जाएगा। यह समय की वह बचत है जो कॉर्पोरेट जगत, व्यापारियों और आम यात्रियों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगी। इस पूरे मार्ग में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ए स्टेशन किसी आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों में मुंबई (बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स) इस रूट का एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत स्टेशन होगा। जबकि अन्य स्टेशनों में ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 434 किलोमीटर तक पिलर (खंभों) का निर्माण पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए 343 किलोमीटर से अधिक का वायाडक्ट बनकर तैयार है। गुजरात के सूरत, आनंद और अहमदाबाद जैसे स्टेशनों के विशालकाय ढांचे अब दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सूरत-बिलिमोरा के बीच 2026 के ट्रायल के बाद, वर्ष 2029 से 2030 तक यह पूरा 508 किलोमीटर का कॉरिडोर पूर्ण रूप से चालू होकर देश को समर्पित कर दिया जाएगा।

**समुद्र के नीचे सुरंग से भूकंप अलार्म तक**

यह परियोजना केवल पटरी बिछाने और ट्रेन दौड़ाने का काम नहीं है, बल्कि यह भारत के सिविल इंजीनियरिंग इतिहास की सबसे कठिन और विस्मयकारी परीक्षाओं में से एक है। इस परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक हिस्सा महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है। इस सुरंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका 7 किलोमीटर का हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे, यानी समुद्र के तलहटी के नीचे से गुजरेगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब कोई हाई-स्पीड रेल समुद्र के नीचे से गुजरेगी। इस सुरंग को खोदने के लिए दुनिया की सबसे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।



श्रीनगर। 'ईद-उल-अज़हा' के त्योहार की खरीदारी को लेकर जाम में फंसे वाहन।

## उद्यमिता को लेकर सोच और मानसिकता में आ रहा बदलावः दीपक बागला

**नई दिल्ली।** नीति आयोग में अटल इनोवेशन मिशन के डायरेक्टर, दीपक बागला ने कहा है कि भारत में उद्यमिता को लेकर लोगों की सोच और मानसिकता में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है और 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शानदार सफलता, इस बदलते भारत का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। बागला ने सोमवार को यहां आयोजित एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा कि उद्यमिता अब सिर्फ एक वैकल्पिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन रहा है।

## अफ्रीका दिवस पर महाद्वीप की एकजुटता, विकास का संकल्प दोहराया

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका संघ आयोग के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने 'अफ्रीका दिवस 2026' के ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक मंच पर अफ्रीका के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए महाद्वीप की एकजुटता, विकास और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधारों की वकालत करने का अपना संकल्प दोहराया है। अफ्रीकी संघ की स्थापना की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर यूसुफ ने कहा कि आज अफ्रीका 'अफ्रीकी संघ' की स्थापना के 63 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक मील का पत्थर है जो एकता, स्वतंत्रता, गरिमा और विकास के हमारे सामूहिक प्रयासों को निरंतर प्रेरित करता है।

# भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले में दूर रहेः चीन

## बीजिंग ने कहा यह हमारा आंतरिक मसला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल हमे हरगिज मंजूर नहीं

■ चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई
■ भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए



**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है। चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर पोस्ट कर दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ा बयान किया। सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नए राजनीतिक प्रमुख पेनपा त्सेरिंग की जीत ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग को डर है कि भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व भविष्य में उसकी मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकता है। पेनपा त्सेरिंग ने फरवरी में हुए चुनाव में 61 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किए थे। नियमों के मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलने पर उम्मीदवार सीधे विजेता घोषित हो जाता है। इसलिए उन्हें दूसरे दौर के मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। पेनपा त्सेरिंग का जन्म कर्नाटक के बायलाकुप्पे में हुआ था, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। उन्होंने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कालेज से पढ़ाई की और लंबे समय से निर्वासित तिब्बती राजनीति में सक्रिय रहे हैं। चीन को आशंका है कि अगर उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के हाथ में रही, तो वे बीजिंग की मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकते हैं।

# ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगाः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं, विपक्ष ने नाराजगी जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था। अभी तक अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं। ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजरायल में चिंता बढ़ गई है। एक इजरायली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संभावित अमेरिका-ईरान समझौते पर बातचीत के लिए दोहा पहुंचे हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ हो रही बैठक में होर्मुज स्ट्रेट, ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार और फ्रीज फंड्स पर चर्चा हो रही है। ईरानी केंद्रीय बैंक गवर्नर भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। संभावित डील का मकसद क्षेत्रीय युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने का रास्ता निकालना है। ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान, मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तमिम बिन हमद अल थानी, आसिम मुनीर, रजब तैयब एर्दोआन, अब्देल फतह अल-सिसी, अब्दुल्ला द्वितीय और हामद बिन ईसा अल खलीफा समेत कई नेताओं से बातचीत की। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। इसलिए अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों। यानी कि इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करें। उन्होंने जिन देशों का नाम लिया उनमें सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और जार्डन शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम अकाड्र्स का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के पास शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं लेकिन ज्यादातर देशों को इस समझौते के लिए तैयार होना चाहिए।



■ ट्रम्प बोलेः मुस्लिम देश इजरायल से रिश्ते सुधारें, ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों

### संभावित समझौते में इजरायल से अच्छी भूमिका की उम्मीद नहींः बघाई

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने वाली किसी भी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयासों के अलावा और इजरायल से कुछ और उम्मीद नहीं की जा सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इजरायल की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए बघाई ने कहा कि अमेरिका में कुछ युद्ध समर्थक समूह, चाहे वे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, इजरायल के साथ गठजोड़ बनाए रखते हैं और यही समूह अमेरिका को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अंतहीन युद्धों में धकेलते हैं। बघाई ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान अपने लोगों के कल्याण के बजाय ड्रोन और मिसाइलों पर धन खर्च करता है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसे हथियार अपनी सुरक्षा और आक्रामक युद्धों से बचाव के लिए बनाता है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में ईरान ऐसे दो युद्धों का सामना कर चुका है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि वे ईरानी जनता की चिंता करते हैं।

### ट्रम्प की 'ईरानी नीति' ने अमेरिका को गतिरोध में धकेलाः मोहसिन रजाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व सैन्य कमांडर मोहसिन रजाई ने कहा है कि हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों और ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के छेड़े गए युद्ध' के बाद क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों ने अमेरिका को पूरी तरह गतिरोध की स्थिति में पहुंचा दिया है। तेहरान के इमाम खुमैनी मुसल्ला में रविवार को अमेरिका-इजरायल युद्ध में मारे गए लोगों की स्मृति में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सैन्य बल, जो संभवतः अल्पकालिक युद्ध के भ्रम के साथ क्षेत्र में आए थे, अब वह लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने खोर्रमशहर की मुक्ति और इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन की पराजय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष की वर्षगांठ पिछले 12 महीनों में अमेरिकी और जायोनी दुश्मनों के खिलाफ ईरानी राष्ट्र द्वारा किए गए दो और धार्मिक-राष्ट्रीय रक्षा अभियान प्रतिरोधों के साथ संयोगवश आई है। रजाई ने अमेरिकी और इजरायल के शासन के खिलाफ सड़कों से लेकर युद्धक्षेत्र तक ईरानी जनता और सेना की दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा कि विचार, आस्था और प्रेरणा में परिवर्तन के कारण ईरान को अपने दुश्मनों पर विजय मिली है।

## संयुक्त राष्ट्र अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता हैः गुटेरेस

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को 'अफ्रीका दिवस' के अवसर पर अफ्रीकी देशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अफ्रीका के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है। 'अफ्रीकी संघ' की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी अपने संदेश में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि आज और हर दिन, संयुक्त राष्ट्र उन सभी अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता है जो एक ऐसे शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जिसके हकदार न केवल सभी अफ्रीकी नागरिक हैं, बल्कि हमारी पूरी दुनिया है।

गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के लोगों ने गुलामी और उपनिवेशवाद के विनाशकारी परिणामों का सामना करते हुए आपदा को एकता और संकल्प में बदला है। आज यही साझा संकल्प महाद्वीप में मुक्त व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के विस्तार, नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा देने और स्थाई शांति की नींव रखने के उद्देश्यों को गति दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस वर्ष के विषय (थीम) 'जल और स्वच्छता' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ये सेवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य, मानवीय गरिमा और आर्थिक अवसरों की आधारशिला हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण महाद्वीप में लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को अभी भी इन आवश्यक सेवाओं तक पहुंच नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अफ्रीकी देशों को फंड जुटाने, कर्ज राहत तंत्र तक पहुंच बनाने और सौर व पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए वैश्विक एकजुटता का आह्वान किया।



■ गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की

## कांगो में इबोला के संदिग्ध मामलों की संख्या 900 के पार

■ डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की निगरानी बढ़ाने के बाद इस देश में अब तक इबोला के 900 से अधिक संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है।

इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस वजह से शुरुआती दौर में मामले की पहचान करना मुश्किल हो गया है और संकट गहरा गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेएसस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि एक्टिव केस-खोज अभियानों के कारण कांगों में इबोला के कुल 904 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें प्रयोगशाला की ओर से पुष्ट किए गए 101 संक्रमण के मामले भी शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। टेड्रोस के अनुसार, मौजूदा असुरक्षा और डर की वजह से प्रभावित समुदायों में गहरा अविश्वास पैदा हो गया है।

# इमरान पर बनाया जा रहा राजनीति छोड़ने का दबावः उजमा खानम

## समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही हैः उजमा

■ पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था



रावलपिंडी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन उजमा खान ने दावा किया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर राजनीति छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही है।

खानम ने द टाइम्स को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि वह छह महीने पहले अपने भाई से मिली थीं। उस समय उन्हें एकांत कारावास में चार माह का समय गुजर गया था। द टाइम्स की रिपोर्ट में खानम के हवाले से कहा गया कि पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली, तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था और वह बेहद परेशान थे। वह बताते कि किसी को उनसे बात करने की अनुमति नहीं है, यहां तक कि पहरेदारों को भी नहीं। वह बार-बार कहते रहे कि एकांत कारावास से बदतर कुछ नहीं हो सकता। अब इसे लगभग सात महीने हो चुके हैं। वह बताती हैं कि खान ने आखिरी मुलाकात में उनसे कहा था कि उन्हें 'तोड़ने' की कोशिश की जा रही है, लेकिन 'वे सफल नहीं होंगे।' बहन उजमा ने आशंका जताई कि उनके भाई की आंखों की रोशनी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी दाहिनी आंख से पानी निकल रहा था। मैंने पूछा कि क्या हुआ, लेकिन वह दूसरी बातों को लेकर इतने विचलित थे कि इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। फरवरी में जब उनके वकील ने उनसे मुलाकात की तो आंख से लगातार पानी बह रहा था और इमरान ने कहा कि उन्हें उससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा। फिर अप्रैल में उन्होंने बताया कि एक सरकारी डॉक्टर ने कहा है कि आंख में खून का थक्का जम गया है और 85 प्रतिशत स्थाई दृष्टि हानि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रोजाना दो घंटे के व्यायाम के अलावा किताबें पढ़ना ही 73 वर्षीय खान को मानसिक रूप से संभाले हुए था। बहनों को जब उनसे मिलने की अनुमति मिलती थी, तब वे हर सप्ताह करीब एक दर्जन किताबें लेकर जाती थीं, लेकिन बाद में यह बंद कर दिया गया।

अदालत जाने के बाद भी केवल पांच किताबों की अनुमति मिली, जिनमें से दो अस्वीकार कर दी गईं। खानम ने कहा कि वे उन्हें तोड़कर समझौता करवाना चाहते हैं और शायद आंख का मामला भी उसी का हिस्सा है। किताबें ही उनके जीवित रहने का सहारा थीं और अब अगर वह पढ़ भी नहीं सकते और किसी से बात भी नहीं कर सकते-उजमा के अलावा अलीमा खानम, और नौरीन नियाजी भी दो बहनें हैं जो इमरान के साथ मानवीय व्यवहार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।

## अक्षय कुमार के साथ नजर आईं अक्षरा सिंह गाना 'घिस-घिस' में मचाया धमाल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल के नए गाने 'घिस घिस घिस' में नजर आ रही हैं। 'घिस घिस घिस' में अक्षरा सिंह का दमदार अंदाज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का दिल जीत रहा है। बॉलीवुड और भोजपुरी का यह अनोखा संगम गाने को और भी खास बना रहा है। गाने को विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। जोशीले संगीत और शानदार डांस मूव्स से भरपूर यह गाना दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।



## इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी सैयामी खेर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर, विक्रम फडणीस की इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडणीस की आगामी अनटाइटल्ड रोमांटिक ड्रामा फिल्म से अपना दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। इस फिल्म की कहानी इंसानी रिश्तों और भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्यार, जज्बात और रिश्तों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा। जारी किए गए फर्स्ट लुक में सैयामी एक फैशन फोटोग्राफर के किरदार में नजर आ रही हैं। तस्वीर में वह एक प्रोफेशनल कैमरा हाथ में लिए नेचुरल आउटडोर लोकेशन पर दिखाई दे रही हैं। उनका सिंपल और रियलिस्टिक लुक फिल्म के भावनात्मक और जमीन से जुड़े टोन को खूबसूरती से दर्शाता है। इस किरदार के लिए सैयामी ने अपनी रियल लाइफ दोस्त और भारत की मशहूर फैशन फोटोग्राफर तरस तारापोरवाला से प्रेरणा ली है। फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म विक्रम फडणीस के लिए भी बेहद खास है, क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी डायरेक्टोरियल फिल्म होगी जो रिलीज होने जा रही है।

# तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को एक नए होल्डिंग सेंटर में भेजा गया

■ राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया
■ हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन बंगलादेशी नागरिकों को सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला में बनाए गए नए 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया जिन आरोप है कि ये बिना किसी वैध दस्तावेज के देश में घुसपैठ कर रहे थे। राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिंग सेंटर' में भेजा गया है।

इन घुसपैठियों को नबन्ना (राज्य सचिवालय) की ओर से पश्चिम बंगाल में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालने के सख्त निर्देश जारी करने के बाद भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन तीनों संदिग्ध घुसपैठियों को मुर्शिदाबाद जिले के रानीताला पुलिस थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वे भारत में रहने की अनुमति देने वाला कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है। परंपरागत रूप से ऐसे घुसपैठियों को गिरफ्तारी के बाद सीधे जेल भेज दिया जाता था।राज्य सचिवालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के बाद, प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, इन तीनों व्यक्तियों को जेल में रखने के बजाय लालगोला में तैयार किए गए विशेष होल्डिंग सेंटर में भेज दिया गया। हाल ही में, राज्य के गृह विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को एक सख्त निर्देश जारी किया था। इस निर्देश में कहा गया था कि बंगलादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आने वाले लोगों (जिनमें 'विदेशी अधिनियम' के तहत दर्ज रोहिंग्या भी शामिल हैं) को अब आम कैदियों के साथ सामान्य जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108